

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com tarun_press@yahoo.co.in
Web: www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, बुधवार, 16 अगस्त 2023 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-138 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 अगस्त 2023 मूल्य ₹ 1.00


## संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी का छत्तीसगढ़ दौरा रद्द

**रायपुर, 16 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ दौरा अचानक रद्द हो गया है। बता दें कि वे 17-19 अगस्त के बीच रायगढ़ दौरे पर आने वाले थे। जानकारी मिल रही है कि लगातार जारी बैठकों और भारी व्यस्तता के चलते पीएम मोदी का छत्तीसगढ़ दौरा रद्द हुआ है।

### आपसी विवाद के चलते चाकूबाजी

**अभनपुर, 16 अगस्त।** राजधानी से सटे अभनपुर के वॉर्ड क्रमांक 7 से चाकूबाजी का मामला सामने आया है। आपसी विवाद के चलते ग्रुप के लोग एक दूसरे पर वार किये है। जिसमें एक को मामूली चोटे आई है तो वहीं दूसरे को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर में पुरुषोत्तम साहू को 6 आरोपियों ने चाकू मारा है। उसे गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं एक आरोपी भी अस्पताल में भर्ती है। इस मामले में अभनपूर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि ये आपसी विवाद को लेकर घटना हुई है।

### छग के पेंशनरों को 42 प्रतिशत मंहगाई राहत प्रदान करने बघेल का शिवराज को पत्र

**रायपुर, 16 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को शीघ्र 42 प्रतिशत मंहगाई राहत प्रदान करने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है। पत्र में मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 के धारा 49(6) के अंतर्गत महंगाई राहत के भुगतान के लिए मध्यप्रदेश की सहमति चाही गई है। बघेल ने अपने पत्र में मप्र के मुख्यमंत्री से अधिकारियों को इस संबंध में सहमति के लिए समुचित निर्देश देने को कहा है ताकि सहमति मिलते ही छत्तीसगढ़ के पेंशनर्स को 42 प्रतिशत महंगाई भत्ते दिये जाने की कार्रवाई की जा सके।

# टिकट के लिए नहीं चलेगा नेताओं का कोटा

## कांग्रेस के दावेदारों को प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा

**रायपुर, 16 अगस्त।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस चुनाव समिति की पहली बैठक स्वतंत्रता दिवस की रात संपन्न हुई. इस बैठक में विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों के चयन को लेकर रणनीति बनाई गई. प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने टिकट को लेकर बड़ी बात कही है. उन्होंने कहा कि किसी भी प्रत्याशी के आवेदन पार्टी के बड़े नेता या फिर चुनाव समिति के सदस्यों से स्वीकार नहीं किए जाएंगे. इसके लिए उम्मीदवारों को 17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में ही टिकट के लिए आवेदन करना होगा और इसके लिए कोई शुल्क भी नहीं लगेगा.



कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में 15 अगस्त की देर रात तक चली प्रदेश चुनाव समिति की बैठक चली. इस बैठक में प्रत्याशी चयन को लेकर रणनीति बनाई गई. इस बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, चुनाव समिति और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, विधानसभा स्पीकर चरणदास महंत के साथ समिति में शामिल 8 मंत्री और पदाधिकारी मौजूद रहे. चुनाव समिति की पहली बैठक में उम्मीदवारों के आवेदन की प्रक्रिया को लेकर ही फैसला लिया गया.

बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि सभी ने अपने अनुभव, विचार और सुझाव रखे, सामान्य बातें हुई हैं. दावेदारी को लेकर भी आगे चर्चा की जाएगी. शुरू में आवेदन देने की बात हुई है. 17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक में आवेदन लिए जाएंगे, इसमें कोई फीस नहीं ले रहे है. 24 अगस्त तक ब्लॉक की मीटिंग संपन्न की जाएगी. एक या दो से लेकर 5 नामों का पैनल बना सकते हैं. 26 अगस्त को सभी आवेदन और प्रस्ताव पत्र पीसीसी में जमा किए जाने चाहिए. 29 अगस्त तक हर पीसीसी की जिला कांग्रेस कमेटी की मीटिंग होगी. सभी आवेदन पत्रों के साथ 5 नामों तक 31 अगस्त तक पीसीसी की जमा करें. पार्टी में उम्मीदवारों के चयन को लेकर प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि पार्टी और नेतृत्व के प्रति निष्ठा होनी चाहिए. उम्मीदवारों की सूची लंबी होने पर चयन प्रकिया किस प्रकार की जाएगी वाले सवाल पर कुमारी सैलजा ने कहा कि चुनौती नहीं है, लेकिन उन्हें अपना ब्योरा भी देना होगा. संगठन में छंटनी होती रही है, स्क्रीनिंग कमेटी तक सूची जाएगी. स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद फैसला होगा. सूची जारी होने को लेकर प्रभारी शैलजा ने बताया कि स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक के बाद पहली लिस्ट आएगी.

# आजादी की लड़ाई से न्याय और लोकतंत्र का अमृत निकलाः सीएम

## महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म के आरोपियों के लिए शासकीय नौकरी प्रतिबंधित

**रायपुर 16 अगस्त।** आजादी की लड़ाई से न्याय और लोकतंत्र का अमृत निकला है। यह उद्‌गार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में ध्वजारोहण करते हुए व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दिए अपने संबोधन में साहित्यिक वातावरण को सुदृढ़ करने तीन श्रेणियों में छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी सम्मान देने की घोषणा की। इनमें पहली श्रेणी अंतर्गत छत्तीसगढ़ी तथा अन्य बोली जैसे गोंडी, हल्बी, सरगुजिया में लिखे गए साहित्य के लिए, दूसरी श्रेणी के अंतर्गत हिंदी पद्य के लिए तथा तृतीय श्रेणी के अंतर्गत हिंदी गद्य के लिए हर श्रेणी में सम्मानित साहित्यकारों को पांच लाख रूपए नगद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने बालिकाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को शासकीय नौकरियों में प्रतिबंधित करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लंबी कूद, 100 मीटर दौड़ एवं कुश्ती के खेल में 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित करने की घोषणा की, यह प्रावधान इसी सत्र से लागू होगा। रेशम कीट पालन एवं मधुमक्खी पालन को भी कृषि का दर्जा देने की घोषणा की। कुक्कुट पालन को प्रोत्साहित करने 'कुक्कुट पालन प्रोत्साहन योजना' आरंभ हुई। इसमें कुक्कुट पालकों को रियायती दर पर बिजली उपलब्ध होगी। दूरस्थ क्षेत्रों के



शासकीय शालाओं के 11वीं, 12वीं के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग हेतु देश की ख्याति प्राप्त संस्थाओं द्वारा सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। सभी जिलों में कम से कम एक कॉलेज में पोस्ट-ग्रेजुएट कक्षाओं में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होगी। इस क्रम में शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय महाविद्यालय सारंगढ़, डॉ. भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय पेण्ड्रा, क्रांतिकुमार भारती महाविद्यालय सक्ती, एल.सी.एस महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी को स्नातकोत्तर महाविद्यालय का दर्जा प्रदान करने की घोषणा की। यहां अतिशीघ्र आवश्यक नवीन विषय एवं पद संरचना उपलब्ध कराई जाएगी।

अगले शिक्षा सत्र से स्कूली बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी तकनीकी जानकारी पाठ्यक्रम में शामिल की जाएगी। शासकीय महाविद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को घर से कॉलेज आने-जाने के लिए बस की निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अगले सत्र से छत्तीसगढ़ी भाषा एवं आदिवासी क्षेत्रों के स्थानीय बोली को कक्षा पहली से कक्षा पांचवीं तक पाठ्यक्रम के एक विषय के रूप में सम्मिलित किया जाएगा। शहरी स्वच्छता दीदी और सामुदायिक संगठकों के मानदेय में 20 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की घोषणा भी की। निर्माण श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना अंतर्गत 60 वर्ष पूरी करने वाले तथा 10 साल तक पंजीकृत रहे श्रमिकों को जीवन पर्यन्त हर महीना 1500 रूपए मासिक पेंशन दी जाएगी। आईटीआई में कार्यरत संविदा प्रशिक्षण अधिकारियों के एकमुश्त संविदा वेतन को 25780 रूपए से बढ़ाकर 32740 रूपए करने तथा मेहमान प्रवक्ताओं के प्रति माह अधिकतम भुगतान की सीमा को 13 हजार रूपए से बढ़ाकर 15 हजार रूपए करने की घोषणा की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ में शिक्षा सुविधाओं में योगदान देने वाले अंशकालीन सफाई कर्मी एवं मध्यान्ह भोजन से जुड़े रसोईयों के मानदेय में 500 रूपए प्रति माह वृद्धि की घोषणा की।

# फोटो खिंचाने नदी में उतरे दो छात्रों की डूबने से मौत

**जांजगीर चांपा, 16 अगस्त।** जिले के कुदरी बैराज डेम घूमने गए जांजगीर के छह में से दो छात्र हसदेव नदी में फोटो खींचाने के लिए उतरे हुए थे। हसदेव नदी के तेज बहाव के कारण गहरे पानी के अंदर चले गए जिससे दोनो की पानी में डूबने से मौत हुई है। दोनो के शव को पुलिस ने बरामद किया है। घटना चांपा थाना क्षेत्र की है। एसडीओपी यदुमणि सिदार ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली की दो युवक हसदेव नदी में बह गए है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच। पुलिस की टीम के द्वारा गांव के सरपंच एवं ग्रामीणों की मदद से दोनो का शव को नदी से बाहर निकाला गया। एसडीओपी ने बताया की जांजगीर विवेकानंद स्कूल में पड़ने वाले 4 छात्र 2 छात्रा कुल 6 स्कूल के दोस्त घूमने के लिए कुदरी बैराज आए हुए थे। सभी ने सुबह 8 बजे स्कूल में झंडा




फहराया कर घर चले गए,फिर खाना खाने के बाद दोपहर करीबन 2 बजे घर से घूमने जा रहे है कहा कर घर से निकलने थे। करीबन 3 बजे सभी कुदरी बैराज पहुंचे हुए थे इस दौरान देवेंद्र शर्मा और ऋषभ ध्रुव नदी में फोटो खिंचवाने के लिए उतरे हुए थे, जिनका फोटो ओम गुप्ता खीच रहा था। इस दौरान देवेंद्र शर्मा बहने लगा जिसे बचने के दौरान ऋषभ ध्रुव नदी के तेज बहाव में भर गया और दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गई है। पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को सरपंच और ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए बीडीएम अस्पताल भेजा गया

# मैत्रीबाग में सफेद शेरनी ने दिया तीन शावकों को जन्म

**भिलाई, 16 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग के मैत्रीबाग में व्हाइट टाइगर के कुनबे में आए नए मेहमान दो नर एवं एक मादा शावक का नामकरण कर दिया गया है। इन नन्हें शावकों का नाम रुस्तम, राणा और बाबी रखा गया है।

एक कार्यक्रम में आम जनता के लिए इन्हें खोला गया। नन्हें शावक पहली बार खुले में स्वयं को पाकर आनंद से खूब उछलकूद की और पर्यटकों का मनोरंजन किया। इन शावकों के पिता का नाम सुल्तान है। बतादें कि मैत्रीबाग में 28 अप्रैल 2023 को दो नर एवं एक मादा शावक का जन्म हुआ था। शावकों की मां रक्षा ने पिछले 3.5 माह से बच्चों का लालन पालन पूरी ममता के साथ किया।

मैत्री बाग प्रबंधन की ओर से भी लगातार नन्हें शावकों और मां को पौष्टिक आहार विभिन्न प्रकार के विटामिन भी भोजन के साथ दिया गया। मैत्रीबाग के प्रभारी डा. नवीन जैन ने जानकारी दी कि जू अथारिटी आफ इंडिया के मार्गदर्शन अनुसार ही नन्हें शावकों और मां की देखभाल की गई। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार आजादी के 76वीं वर्षगांठ पर नन्हें शावकों का नाम रुस्तम, राणा और बाबी रखा गया है। मैत्रीबाग प्रबंधन को अलग-अलग माध्यम से 200 लोगों ने इन नन्हें शवकों के नाम बतौर सुझाव भेजे थे।




## एक नजर



### भोरमदेव शक्कर कारखाना में शान से लहराया तिरंगा

कवर्धा, 16 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भोरमदेव शक्कर कारखाना के एम डी भूपेन्द्र कुमार ठाकुर ने तिरंगा ध्वाजारोहण किया । ध्वजारोहण कार्यक्रम में दिनेश कुमार बीसी महाप्रबंधक केके यादव मुख्य गन्ना विकास अधिकारी, इंजीनियर एवम कर्मराचारीगण उपस्थित रहे ।

### बीजेपी अध्यक्ष अशोक साहू ने फहराया तिरंगा



कवर्धा, 16 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।जिला भाजपा कार्यालय के प्रांगण में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक साहू ने तिरंगा फहराया । ध्वजारोहण कार्यक्रम में पूर्व विधायक सियाराम साहू , पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी , जिला महामंत्री संतोष पटेल , जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा , प्रदेश बीजेपी महामंत्री विजय शर्मा , जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू , अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनील दोशी , सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी , बीजेपी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सतविंदर कौर , यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीराम साहू , नेता प्रतिपक्ष उमंग पांडेय , जिला युवा मोर्चा मंत्री तमन्ना मेहरा , संयोजिका हेमलता नामदेव , खुशी यादव राखी यादव , बीजेपी युवा नेता नवीन ठाकुर सहित सैकड़ों बीजेपी कार्यकर्ता और लोग उपस्थित रहे ।

### सहसपुरलोहारा सरपंच संघ अध्यक्ष रूपेंद्र वर्मा ने फहराया तिरंगा

कवर्धा, 16 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सहसपुर लोहारा सरपंच संघ अध्यक्ष



रूपेंद्र वर्मा ने भगवताटोला गांव में ग्राम पंचायत भवन के प्रांगण में तिरंगा ध्वजारोहण किया । अध्यक्ष रूपेंद्र वर्मा ने कहा की सभी व्यक्तियों के दिल में देशभक्ति और देश प्रेम की भावना होनी चाहिए । ध्वजारोहण के उपरांत जनप्रतिनिधियों , ग्रामीणों और कर्मचारियों ने मिठाई खाकर और खिलाकर धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया । ध्वजारोहण कार्यक्रम में देवेंद्र ठाकुर , सीताराम पटेल , बालाराम पटेल , महेश पटेल , रामचंद्र पटेल , केशव सिन्हा, देव वर्मा और समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे ।

### भारत माता चौक में क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने फहराया तिरंगा



कवर्धा, 16 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कवर्धा शहर में भारत माता चौक में क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने तिरंगा ध्वजारोहण किया । वरिष्ठ और कांग्रेसी नेता कन्हैया अग्रवाल ने तरुण छत्तीसगढ़ से स्वतंत्रता दिवस पर चर्चा करते हुए कहा की सभी लोगो के दिल में देश भक्ति और देश प्रेम की भावना होनी चाहिए । ध्वजारोहण कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा , जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री मोहम्मद कलीम , उपाध्यक्ष जमील खान , सभापति सुनील साहू , सभापति भीखम कोसले , पार्षद अशोक साहू , सीएमओ नरेश वर्मा , कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे , अजय ठाकुर , पुखराज शर्मा , बृज भूषण एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे ।

### केबिनेट मंत्री अकबर ने उत्कृष्ट कार्य के लिए रामसिंह बघेल का किया सम्मान



कवर्धा, 16 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने 77वां स्वतंत्रता दिवस पर पीजी कालेज मैदान में ध्वजारोहण किया। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने जनसंपर्क विभाग में पदस्थ वरिष्ठ दफ्तरी श्री रामसिंह बघेल को सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान उनके द्वारा किए गए विभागीय उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला है। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने इसके अलावा कबीरधाम जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत 33 अधिकारी-कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। सम्मानित हुए विभागों में पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग कृषि विभाग, जनसपंर्क, जिला सेनानी नगर सेना, जिला व्यापार एवं उद्योग, आदिमजाति विकास विभाग सहित कर्मचारी शामिल है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट ने किया ध्वजारोहण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 16 अगस्त।** 77 वे स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला पंचायत कबीरधाम में अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट द्वारा ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रीयगान गाया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सीईओ जिला पंचायत एवं समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।अपने शुभकामना संदेश में अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट ने कहा कि भारत मां की आजादी के लिए हमारे पूर्वजों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है और सालों संघर्ष के बाद हमें यह अवसर मिला है कि हम सब इसे मना सके। अध्यक्ष ने आगे कहा कि हमे अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए अपनी भागीदारी दे। जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए मधुर गीत ए वतन ए वतन जानेमन प्रस्तुत करें आजादी के महत्व को रेखांकित किया। जिला पंचायत सदस्य श्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा भारत तरक्की की राह पर तेजी से अग्रसर है। स्वास्थ्य शिक्षा पोषण सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण आयाम पर हमारा देश लगातार प्रगति कर रहा है।श्री शर्मा ने आगे कहा कि राष्ट्रीय मार्ग का निर्माण अभूतपुर गति से चल रहा है।श्री राम कुमार भट्ट ने सभी को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं ज्ञापित किया एवं कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में हम सब भागीदारी देकर अपनी एकता अखंडता को बनाए रखें और अपने राज्य एवं देश की तरक्की में अग्रसर हो। श्री रामकृष्ण साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के महत्व को हम सभी को समझना आवश्यक है साथ ही अपने गौरवशाली परंपराओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश की 77 वे स्वतंत्रता वर्षगांठ को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। गौरवशाली परंपरा,आजादी के लिए किया गया लंबा संघर्ष एवं वीर सपूतों का बलिदान हमें प्रेरणा देता है कि हम सब मिलकर अपने देश को सपनों का भारत बनाएं। सीईओ ज़िला पंचायत ने आगे कहा की हमे अपने अधिकारों के साथ प्रत्येक नागरिकों का फर्ज है कि वहा अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी अच्छे से करें। कार्यक्रम में उप संचालक पंचायत सहित जिला पंचायत के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आजादी का अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान का आयोजन जिले में हो रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत कबीरधाम में पंचप्राण की शपथ ली गई। हाथों में मिट्टी लेकर सीईओ जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल ने जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों सहित जिला पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट , जिला पंचायत सदस्य विजय शर्मा जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू उपस्थित रहे।अपने गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाना सामाजिक समरसता एवं अखंडता को बनाए रखना देश की तरक्की में भाग देने का संकल्प लिए पंचप्राण की शपथ ली गई ल। इस अवसर पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

# प्रतिमा अनावरण से गदगद हुए गोंडवाना समाज के लोग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 अगस्त।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार 14 अगस्त को गोंडवाना के अमर शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा का अनावरण किया। ज्ञात हो कि समाज के विगत वर्ष के सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे मुख्यमंत्री को केंद्रीय गोड़ महासभा द्वारा दुर्ग में शहीद वीर नारायण की प्रतिमा स्थापित करने यह विशेष मांग की गई थी। मुख्यमंत्री बघेल ने समाज को भरोसा दिलाते हुए दुर्ग में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा की स्थापना हेतु 20 लाख रुपये घोषणा किया था। उक्त घोषणा के अनुरूप दुर्ग बस स्टैण्ड के पास शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापित किया गया है। सोमवार को मुख्यमंत्री बघेल ने प्रतिमा स्थल पर सर्वप्रथम बुढ़ादेव का पूजा अर्चना कर रिमोट कंट्रोल से प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा अनावरण के समय पूरा वातावरण बुढ़ादेव की जय, वीर नारायण सिंह अमर रहे के नारा से गूँज उठा। मुख्यमंत्री ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि 1857 की क्रांति में छत्तीसगढ़ पीछे नहीं था, वीर नारायण सिंह अग्रिम पँक्ति के वीर योद्धा थे। जिन्हें रायपुर के जय स्तंभ चौक में फाँसी अंग्रेजों द्वारा दी गई थी। इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, केन्द्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष एमडी ठाकुर, नीलकंठ मंडावी, विष्णुदेव ठाकुर, सीता राम ठाकुर, राजेश ठाकुर, कमलेश नेताम, पन्ना लाल नेताम, बसंत ठाकुर, राम दयाल, मोहन ठाकुर, गुहाराम, सन्तोष, राम सिंह, करण मनहरण, राजकुमार ठाकुर, मनबोध पूरन, श्रीमती भीषम, प्रभा नेताम, दुर्गा पडौती, कौशल, शारदा, राजेश्वरी, डॉ. यशेश्वरी धुव्र, नील कंठ मंडावी सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति का अनावरण

**भिलाई, 16 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति्त का अनावरण किया गया। सजीव प्रतिमा के निर्माण में लौह नगरी भिलाई की दमदार उपस्थिति रही। कलेक्ट्रेट परिसर दंतेवाड़ा में स्थापित इस मूर्ति्त का अनावरण कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक देवहूति कर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष कलेक्टर विनीत नंदनवार मूर्तिकार नेल्सन एवं अन्य अधिकारीगण की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# भाममो प्रदेश मंत्री भावना बोहरा ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 16 अगस्त।** प्रकृति के संरक्षण और उसके संवर्धन के लिए एक बार पुनः भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री और जिला पंचायत कबीरधाम की सभापति भावना बोहरा द्वारा सार्थक प्रयास किया गया। लोगों को पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए उसके संरक्षण के लिए जनजागरूकता लाने हेतु भावना बोहरा के नेतृत्व में एवं भाजपा रणवीरपुर मंडल के साथ एवं सहयोग से ÷एक पेड़ विश्वास का÷ अभियान के तहत भाजपा रणवीरपुर मंडल अंतर्गत आने वाले प्रत्येक गांव के प्रत्येक घरों में लगभग 15000 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधा रोपण किया गया। भाजपा रणवीरपुर मंडल अंतर्गत समस्त गाँव में क्षेत्र की जनता ने अपनी सहभागिता निभाते हुए अभियान को सार्थक बनाने में अपनी भूमिका निभाई और अपने-अपने घरों के आस-पास, खाली स्थानों, तालाब के किनारों में पौधारोपण कर वृक्ष बनने तक उसके संरक्षण की शपथ ली।इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि प्रकृति ने पेड़-पौधे के रूप में मानव जीवन को एक बहुत बड़ा उपहार दिया है, इसका संरक्षण हम सभी का दायित्व बनता है। मानव जीवन के लिए सबसे आवश्यक है ऑक्सीजन गैस, जो हमें वृक्षों से प्राप्त होता है। यदि वृक्ष ही नहीं रहेंगे तो मानव जीवन की कल्पना करना भी मुश्किल है। वर्तमान में वृक्षों की कटाई की वजह से हमारे पर्यावरण पर गहरा असर पड़ रहा है। जलवायु में परिवर्तन, पानी का स्तर नीचे जाना, लगातार बढ़ता प्रदूषण पर्यावरण को हो रही भारी क्षति आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या हैं, लगातार हो रहे औद्योगिक विकास के परिणाम स्वरूप पर्यावरण पर गहरा प्रभाव पड़ा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए यह अत्यंत अनिवार्य है कि वनों एवं जंगलों की सुरक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण तथा उनकी सतत सुरक्षा के प्रबंध किये जाने की दिशा में नियमित कार्य किए जाए। हमारी आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ वातावरण के साथ उनके बेहतर जीवन के लिए हमें मिलकर आज अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना होगा।

इसी के मद्देनजर और प्रकृति से प्राप्त संसाधनों के प्रति अपना ऋृष्टा चुकाने के लिए भाजपा रणवीरपुर मंडल के साथ एवं विशेष सहयोग से प्रयास करते हुए हमने यह अभियान चलाया और इस अभियान में जिस प्रकार से हमारे क्षेत्रवासियों का सहयोग मिला है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। हमारा यह अभियान उनके इस अमूल्य योगदान के बिना संभव नहीं हो पाता जिसके लिए मैं इस अभियान में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों एवं भाजपा रणवीरपुर मंडल के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता साथी का आभार व्यक्त करती हूँ। मुझे बहुत ही खुशी है कि आज जिस प्रकार से क्षेत्र की सम्मानीय जनता ने इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाई और पर्यावरण के संरक्षण की शपथ ली है उसके सकारात्मक प्रभाव हमें भविष्य में देखने को मिलेंगे और ÷हमर गाँव, हरियर गाँव÷ का जो हमने ध्येय रखा है उसे पूरा करने में यह अभियान एवं क्षेत्र की जनता का बहुमूल्य सहयोग इसे और भी प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जो इस अभियान से नहीं जुड़ पाए हैं मैं उनसे भी आग्रह करती हूँ की आप भी अपने घरों में, कार्यालय स्थल में, आस-पास खली स्थानों में एक पेड़ विश्वास का जरुर लगाएं और पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा के प्रति जरुर प्रयास करें।विदित हो की पूर्व में भी भावना बोहरा द्वारा ÷हमर गाँव, हरियर गाँव÷ अभियान के तहत 15000 फलदार एवं छायादार पौधारोपण किया गया था। इस वर्ष भी उसी संकल्प ले साथ एक पेड़ विश्वास का अभियान के माध्यम से क्षेत्रवासियों के साथ 15000 से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु उनके द्वारा सराहनीय प्रयास किया गया। अभियान के तहत रणवीरपुर मंडल में आने वाले प्रत्येक गाँव के प्रत्येक घरों में लोगों ने एक साथ पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। इसके साथी ही भावना बोहरा द्वारा कबीरधाम जिले सहित आस-पास के जिले में निवासरत हर जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब, निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा, सामाजिक, धार्मिक, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को प्रोत्साहन, खेल और गरीब, जरूरतमंद लोगों की सहायता के उद्देश्य के साथ लगातार सक्रीय भागीदारी निभाते हुए अनवरत कार्य किया जा रहा है।



### जनसंपर्क कार्यालय में सोरी ने किया ध्वजारोहण

**दुर्ग, 16 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस पर जिला जनसंपर्क कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। उप संचालक (जनसंपर्क) एम.एस. सोरी ने कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के कर्मचारियों ने राष्ट्रगान कर तिरंगा झंडे को सलामी दी। इस अवसर पर कार्यालय के सहायक सूचना अधिकारी सुश्री भारती साहू, सहायक छाया चित्रकार शशांक ठाकुर, सहायक ग्रेड-2 श्रीमती कनक कोमरा एवं दिनेश साहू, श्रीमती हेमलता साहू, श्रीमती हिमेश ठाकुर, भोलाराम यादव उपस्थित थे।



### मानस भवन जामुल में बंछोर ने फहराया तिरंगा

**जामुल।** तरुण सांस्कृतिक परिषद एवं मानस भवन जामुल वार्ड क्रमांक 3 नगर पालिका परिषद जामुल में पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू पूर्व उपाध्यक्ष हरीश वर्मा महामंत्री प्रशांत गुप्ता नूतन वरमा राकेश शर्मा विष्णु सिन्हा जगन नागवंशी लक्ष्मी नारायण क्षत्रिय रामटेके कुशल गर्ग डोमेंद्र बंछोर किशन गर्ग ऋृषभ बंछोर मोनू गर्ग टोपलाल वर्मा प्रहलाद जंघेल राजकुमार जंघेल जगदीश देवांगन ओमप्रकाश साहू एवं वार्ड के समस्त नागरिक उपस्थित थे ध्वजारोहण करने के बाद सभी पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।

# भिलाई में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**भिलाई, 16 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने प्रातः 9 बजे मेन गेट परेड ग्राउंड में ध्वजारोहण किया। इसके पूर्व उप-महानिरीक्षक (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल ने आकर परेड का अवलोकन किया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने वहां उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए अपने स्वतंत्रता दिवस संदेश में भिलाई इस्पात संयंत्र की वर्तमान उपलब्धियों, भविष्य की रूपरेखा एवं लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आइये, हम सब मिलकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर, अग्रसर एक प्रगतिशील राष्ट्र की आकांक्षाओं को साकार करें। हमें गर्व है कि राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की रक्षा में तैनात युद्धपोतों के निर्माण से लेकर राष्ट्र के अधोसंरचना विकास की परियोजनाओं हेतु भिलाई ने श्रेष्ठ इस्पात की आपूर्ति को सुनिश्चित किया है। इसी क्रम में, उन्होंने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कहा कि, इस्पात बनाना एक जटिल एवं कठिन प्रक्रिया है। इन परिस्थियों में हमें सुरक्षित कार्य प्रथाओं को अपनाने के अपने प्रयास के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम सभी एसओपी, एसएमपी का पालन करें और आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का उपयोग करें। हमारा लक्ष्य शून्य दुर्घटना का होना चाहिए। स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एम रविन्द्रनाथ विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त इस समारोह में ऑफिसर्स असोसिएशन के अध्यक्ष एवं अन्य श्रमिक संगठनों के प्रमुख उपस्थित थे। साथ ही विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अन्य उच्च अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कार्मिकगण शामिल हुए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संयंत्र के प्रमुख स्थानों पर भी ध्वजारोहण किया गया। संयंत्र भवन में कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस्पात भवन में कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय ने ध्वजारोहण किया। रिफैक्टरी स्टोर में कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार एक्स्पांसन बिल्डिंग में कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा ने ध्वजारोहण किया। एचआरडी सेंटर में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने तथा सीईज़ेड में कार्यपालक निदेशक बी के गिरी ने ध्वजारोहण सम्पन्न किया गया। साथ ही संयंत्र के अन्य सभी विभागों में विभाग प्रमुखों द्वारा तथा इस्पात क्लबों में संबंधित क्लब अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। परेड की मार्च-पास्ट में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, अग्निशमन विभाग, स्कूल के एन सी सी, स्काउट गाइड एवं डॉग स्क्वाट द्वारा किया गया। इसी कड़ी में देशभक्ति गीत का प्रदर्शन सेक्टर-10 स्कूल के बच्चों द्वारा किया गया। साथ ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा अन-आर्म काम्बेट का प्रदर्शन किया गया।




15 अगस्त के अवसर पर भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता एवं अन्य पदाधिकारी महिलाओं ने प्रात॰ 10॰30 बजे, सेक्टर-9 स्थित जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केन्द्र में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, सभी कार्यपालक निदेशकगण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एम रविन्द्रनाथ तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के अधिकारीगण सहित भारी संख्या में चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे। इसी कड़ी में भिलाई महिला समाज की सदस्यों और संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मुख्य चिकित्सालय में मरीजों को फल का वितरण किया गया। सेक्टर- 9 के ओपीडी ब्लाक एवं सभागार में 2 बड़े एलईडी स्क्रीन का उद्घाटन किया गया और सेक्टर- 9 के सभागार में रिश्ता आंसुओं से मुस्कान तक का का प्रदर्शन किया गया।



पीस ऑडिटोरियम सेक्टर-7 में वीर शहीदों को राजयोग द्वारा शुभ संकल्पों की श्रद्धांजली देकर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन इस अवसर पर कहा कि यह भारत है जो स्वर्ग था! जहाँ 2500 वर्ष कोई लड़ाई नहीं हुई थी। यह भारत सोने की चिड़िया हुआ करता था। तो ऐसी दुनिया अब हमें पुनः बनानी ही है। भारत के लिए शहीद हुए महान आत्माओं को 2 मिनट राजयोग द्वारा सारी सभा ने अपने शुभ संकल्पों की श्रद्धांजली देकर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर



भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के कार्यालय खुर्सीपार में ध्वजारोहण किया गया,जिसमे भिलाई शहर के विधायक देवेंद्र यादव व भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल, एसोसिएशन के संरक्षक अचलजीत भाटिया, हैवी ट्रांसपोर्ट के युवा संचालक इन्द्रजीत सिंह छोटू, मलकीत सिंह लल्लू व एसोसिएशन के समस्त सदस्य व पदाधिकारी सम्मिलित हुए। स्वतंत्रता दिवस के पावन बेला पर एसबीएस हॉस्पिटल पर भी ध्वजारोहण कर आज़ादी के अमर बलिदानियों को नमन किया गया।

स्वतंत्रता दिवस की इस कड़ी में छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रैक्टर ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन हथखोज व हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी (एचटीसी) में भी ध्वजारोहण कर आज़ादी का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यहां राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए हैवी ट्रांसपोर्ट के युवा संचालक इन्द्रजीत सिंह छोटू ने अपने सारगर्भित सन्देश में कहा कि हमें देश की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाये रखे के लिए जी जान से लगे रहना है । उन्होंने स्वतंत्रता के रणबांकुरों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित थे।

वैशाली नगर विधान सभा क्षेत्र सुपेला में युवा नेता राहुल बृजजीवन राय ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

राय ने इस अवसर अपने शुभकामना सन्देश में कहा कि आजादी की कीमत अनमोल है । इसे सुरक्षित रखने का दायित्व हमारे कन्धों पर है। युवा पीढ़ी को सजग और सतर्क रहना है।

## एक नजर

### उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

**उत्तर बस्तर कांकेर 16 अगस्त।** जिले के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर पुरस्कृत किया गया। शिक्षा विभाग से व्याख्याता सुश्री सीमा चौधरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमकसा, अतिथि शिक्षक सुश्री झरना कदम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेजा, व्याख्याता श्रीमती संध्या घोश स्वामी आत्मानंद उत्कृश्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भानुप्रतापपुर, व्याख्याता मधुराम वैदे और वंदना उयके शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांदानार, व्याख्याता कुमारी गोमेश्वरी साहू एवं श्रीमती संतोशी औड़से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीरागांव तथा प्रोग्रामर उमेश चन्द्राकर समग्र शिक्षा कांकेर को उत्कृश्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार पशुधन विकास विभाग से सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी बी.एल. नागवंशी पशु औशधालय चवांड़, पट्टीबंधक शिव प्रसाद मण्डावी जिला पशु चिकित्सालय कांकेर, कृशि विभाग से मनोज वानखेड़े नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कांकेर, ग्रामीण कृशि विस्तार अधिकारी श्रवण कुमार खरांशू कोयलीबेड़ा, ग्रामीण कृशि विस्तार अधिकारी डोमेन्द्र धारीवाल दुर्गूकोंदल, आयुर्वेद चिकित्सा विभाग से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संबलपुर डॉ. कुसुम ठाकुर, फार्मासिस्ट श्रीमती गायत्री दिखित आयुर्वेद आयुश विंग कांकेर, फार्मासिस्ट अभिजीत कुमार भक्त होम्योपैथी राजापारा कांकेर, क्षेत्राधिकारी विशेश शाखा कांकेर खिलीप्रसाद मधुकर निरीक्षक, अनुविभाग (राजस्व) चारामा से अनुविभागीय अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, राजस्व निरीक्षक चारामा रविशंकर सिन्हा, बिन्देश्वर दर्रो स्टेनो टायपिस्ट और चन्द्रशेखर सेवता सहायक ग्रेड-03, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (विद्युत/यांत्रिकी) कांकेर से विद्युत सहायक दुर्गेश यादव और संदीप निषाद, श्रम विभाग से श्रम उप निरीक्षक विवेक साव और जयप्रकाश चौहान श्रम कल्याण अधिकारी, वनमण्डल कार्यालय कांकेर से गैंदलाल ध्रुव वनपाल परिक्षेत्र सहायक जामगांव, धनलाल साहू क्षेत्रपाल, सालिक राम साहू सहायक ग्रेड-03 और मनीष कुमार जैन उप वन क्षेत्रपाल, तहसील कार्यालय अंतागढ़ से शैलेन्द्र गंजीर सहायक ग्रेड-03, श्रीमती सनकाय ध्रुव भृत्य, दयाराम कोमरा कोटवार, नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय कांकेर से गुलेश्वर कुंजाम वरिष्ठ शोध सहायक, एस.के. रामटेके वरिष्ठ मानचित्रकार, नगर सेना कांकेर से जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन कार्यालय से फायरमैन शत्रुघन सिन्हा और किशोर पटेल, सैनिक मिथलेश जैन और नरेश नेताम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय कांकेर से डॉ. लखन जुर्री अस्थि रोग विशेषज्ञ को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है।

### जिला कार्यालय में कलेक्टर प्रियंका शुक्ला ने किया ध्वजारोहण

**उत्तर बस्तर कांकेर 16 अगस्त।** वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने जिला कार्यालय कांकेर में ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान पश्चात कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा सौंपे गये दायित्वों को निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी के साथ करते हुए समय पर पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, संयुक्त कलेक्टर मनीष मिश्रा एवं सुश्री श्वेता राजपूत, एसडीएम कांकेर मनीष साहू सहित जिला कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी।

### निधन

### आलोक दुबे

**रायपुर।** ब्राम्हणपारा निवासी (वर्तमान में सुंदर नगर ) श्री आलोक दुबे (पिता स्व ब्रम्हानंद दुबे अकलतरा वॉले) पूर्व छात्रनेता व क्रीड़ा



अधिकारी इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर का आज 16 अगस्त को प्रातः 6 बज्रे 63 वर्ष की आयु में एम्स हॉस्पिटल रायपुर में आकस्मिक निधन हो गया । अंतिम संस्कार महादेव घाट स्थित मुक्तिधाम में दोपहर 2 बज्रे किया जावेगा। वे अजय दुबे व अरविन्द दुबे खाद्य अधिकारी के बड़े भाई थे। निधन पर शोक व्यक्त करते हुए समस्त छग ब्राम्हण समाज की ओर से श्रद्धाजंलि अर्पित की गई है। भगवान से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को चिर शान्ति प्रदान करे व शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने का सामर्थ्य दे।

# जिले में उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोण्डागांव, 16 अगस्त ।** जिले में 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि आदिम जाति विकास मंत्री श्री मोहन मरकाम ने जिला मुख्यालय कोण्डागांव के विकास नगर स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके साथ ही कलेक्टर श्री दीपक सोनी और पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार के साथ परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर शांति के प्रतीक श्वेत कपोत तथा उत्साह के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े गये। इस दौरान परेड कमांडर पुलिस उपाधीक्षक लक्ष्मण सिंह पोटाई और टुआईसी सब इंस्पेक्टर सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में भारत तिब्बत



सीमा पुलिस बल की 29वीं बटालियन के प्लाटून कमांडर निरीक्षक हितेश कुमार, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 41वीं बटालियन के प्लाटून कमांडर उप निरीक्षक गुड्डू कुमार, जिला पुलिस बल के प्लाटून कमांडर उप निरीक्षक विनोद कुमार नेताम, बस्तर फाइटर्स पुरूष के प्लाटून कमांडर उप निरीक्षक अखिलेश धीवर, बस्तर फाइटर्स महिला की प्लाटून कमांडर सहायक उप निरीक्षक अनिता मेश्राम नगर सेना के जवानों सहित नेशनल केडेट कोर बालक के प्लाटून कमांडर सगारूम नेताम, नेशनल केडेट कोर बालिका की प्लाटून कमांडर रीना नेताम तथा राष्ट्रीय सेवा योजना बालक के प्लाटून कमांडर राजू सोरी और राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका की प्लाटून कमांडर रामेश्वरी मरकाम के नेतृत्व में टुकड़ियों ने देश सेवा की भावना के साथ आकर्षक मार्चपास्ट किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मरकाम ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया। उन्होंने सभी जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस अवसर पर परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इसके साथ ही शहीद जवानों के परिजनों से भेंटकर उन्हे सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री देवचंद मातलाम सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी और सीईओ जिला पंचायत श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, डीएफओ कोण्डागांव आरके जांगड़े सहित केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल के अधिकारी तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# कोतवाली निरीक्षक एमन साहू को प्रभारी मंत्री ने किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 अगस्त।** पुलिस विभाग में अपने अलग कार्यशैली के कारण पुलिस निरीक्षक एमन साहू हमेशा चर्चित रहे। इसी के चलते एसपी ने राजनीतिक व समाजिक रुप से हर मौसम मे गर्म रहने वाले डोगरगढ थाने में उनकी राजनांदगांव जिले के प्रथम पोस्टिग की थी। जहां अपने अल्प कार्यकाल में अवैध शराब व अन्य के खिलाफ बड़ी-बड़ी कार्रवाई की। उसके बाद उन्हें जिले के सबसे संवेदनशील व महत्वपूर्ण राजनांदगांव के कोतवाली थाना का प्रभार उन्हें सौपा गया। टीआई एमन साहू आम जनता के बीच अपने कार्यप्रणाली के चलते हमेशा पहली पसंद रहे हैं और इसी के चलते स्थानीय स्टेट हाईस्कूल के मैदान में आज 15 अगस्त में प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस प्रशस्ति पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी कोतवाली को कानून व्यवस्था और अपराध विवेचना में उत्कृष्ट कार्य करने के फलस्वरुप प्रशस्ति पत्र ससम्मान प्रदान किया जाता है । श्री एमन साहू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मै छत्तीसगढ में जहां-जहां पदस्थ रहा। वहां की जनता और



मीडिया का भरपूर सहयोग मुझे हमेशा मिलने के चलते मै कानून व्यवस्था को बेहतर ढंग से कायम कर पाया और हमेशा कुछ बेहतर करने की कोशिश की। आप सबके आशीर्वाद से ही यह प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह मुझे प्राप्त हुआ है और सदैव आपका मार्गदर्शन मिलता रहे इसका प्रयास रहेगा।

# मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए अमलीडीह गौठान को किया सम्मानित

■ - सुराजी गांव योजना के क्रियान्वयन की दिशा में जिले में किए जा रहे विशेष कार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्य स्तर पर राजधानी रायपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में डोंगरगांव विकासखंड के अमलीडीह गौठान को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। सुराजी गांव योजनांतर्गत स्थापित गौठानों का संचालन व प्रबंधन गौठान समिति एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जा रहा है। गौठानों में स्वसहायता समूह द्वारा संचालित विभिन्न



आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डोंगरगांव विकासखंड के अमलीडीह गौठान को 15 अगस्त को राज्य स्तर पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गौठान समिति के अध्यक्ष श्री सोनू राम पटेल को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत श्री अमित कुमार के निर्देशन में सुराजी गांव योजना के क्रियान्वयन की दिशा में विशेष कार्य किए जा रहे हैं। गौठानों में विभिन्न आजीविका गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बन रही है। कलेक्टर श्री सिंह की पहल पर जिले के गौठानों में गौठान मेला का भी आयोजन किया गया। सभी के सतत प्रयासों से जिले के गौठानों में अधोसंरचना निर्माण तथा विभिन्न गतिविधियां संचालित करने के लिए अथक प्रयास किए गए। जिसके सार्थक परिणाम रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के ग्राम अमलीडीह गौठान को प्रदेश में उत्कृष्ट गौठान के रूप में चयनित किया गया है तथा जिले को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है।

### मुरमुंदा में बाल कैबिनेट का गठन



**बेलगांव 16 अगस्त।** प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुरमुंदा में बाल कैबिनेट का गठन कर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया । शपथ ग्रहण समारोह में चयनित पदाधिकारियों को ताज एवं पट्टिका पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया । सभी पदाधिकारियों ने पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया । इस शुभ अवसर पर डोंगरगांव विधायक माननीय दलेश्वर साहू जी का प्रधान पाठिका एवं शाला परिवार द्वारा हार्दिक धन्यवाद किया । जिन्होंने पूर्व माध्यमिक शाला मुरमुंदा को कंप्यूटर प्रदान किया । साथ ही दलेश्वर साहू जी द्वारा प्रदत्त कंप्यूटर का शुभारंभ किया गया । कंप्यूटर पाकर विद्यार्थी परिषद छात्र छात्राओं , पालकगण , ग्रामवासियों एवं शाला परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त किए । एवं विधायक महोदय का तहे दिल से धन्यवाद किया गया। प्रदत्त कंप्यूटर मिलने के छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर की सामान्य जानकारी दी जाएगी । इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन शाला प्रबंध एवं विकास समिति के सदस्य व ग्राम के सरपंच खेमचंद सोरी और उप सरपंच श्रीमती ममता कौशिक ,शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री तुलसी साहू और उपाध्यक्ष उमेन्दी बघेल एवं सदस्यों के साथ ही शिक्षिका अफशा परवीन, गौसिया अंजुम, शिक्षक श्री मनोज तिवारी भी उपस्थित थे ।

### अघोषित बिजली कटौती से क्षेत्र की जनता हलाकान

**डोंगरगढ़ 16 अगस्त।** इन दिनों बिजली की आँखमिचौली के खेल से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोग हलाकान होते परेशान हो गए है जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक रामजी भारती



के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बिजली कटौती की समस्या को लेकर तहसील कार्यालय पहुँच अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि लगभग एक महिने से 4 से 5 घण्डे पुरे क्षेत्र में बिजली कटौती किया जा रहा है व शिकायत करने पर विभाग द्वारा ओव्हरलोड़ की समस्या हो रहा है बोल दिया जाता है,बिना सूचना की बिजली कटौती से किसान व आम जनता को बहुत परेशानी हो रहा है। अतः इस समस्या को जल्द ही नही सुधारा जायेगा तो 18.08.2023 को भारतीय जनता पार्टी डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल के द्वारा विद्युत केन्द्र अछोली ग्रामीण एवं विद्युत केन्द्र द्वारा का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेगा। इस अवसर पर मंडल भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष जितेंद्र गेंद्रे, ग्रामीण महामंत्री कचरू साहू, सतीश तिवारी, आवेश निगम, जयंत साहू सहित ग्रामीण भाजपा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान जारी

**राजनांदगांव 16 अगस्त।** घुमंतु मवेशियों की धर पकड के तहत नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान में नगर निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को प्रतिदिन पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज शहर के आंतरिक एवं बाह्य प्रमुख मार्गो से 28 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड कर 7 मवेशी मालिकों पर जुर्माना लगाते हुये 3 हजार 9 सौ 90 रूपये वसूली की गयी। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी। शासन द्वारा भी रोका छेका अभियान के तहत घुमन्तु पशुओं को पकड़ने एवं पशु मालिकों को अपना मवेशी घर में बांध कर रखने समझाईस देने के निर्देश दिये गये है। निर्देश के अनुक्रम में निगम द्वारा धर-पकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता द्वारा घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने गठित टीम प्रतिदिन चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज आंतरिक एवं बाह्य प्रमुख मार्गो में गोल बाजार, जय स्तम्भ चौक, कामठी लाईन, दिल्ली दरवाजा के पास, रेल्वे स्टेशन,



महावीर चौक, नगर निगम के सामने, जिला सहकारी केन्द्रीय बैक के सामने, नया बस स्टैण्ड, दिग्विजय स्टेडियम के सामने, आम्बेडकर चौक, सर्किट हाउस रोड, कमला कालेज चौक से घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड के तहत 28 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है। अर्थदण्ड के तहत 7 मवेशी मालिकों पर कार्यवाही करते हुये 3 हजार 9 सौ 90 रूपये वसूला गया।

आयुक्त श्री गुप्ता ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है।

# अपूर्व उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस समारोह जिले में अपूर्व उत्साह एवं गरिमामय पूर्वक मनाया गया। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण, योजना आर्थिक सांख्यिकी एवं संस्कृति विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अमरजीत भगत ने आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महंत राजा बलराम दास शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय (स्टेट हाई स्कूल) मैदान राजनांदगांव में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का जनता के नाम संदेश वाचन किया। उन्होंने उल्लास एवं उमंग के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े। मुख्य अतिथि मंत्री श्री भगत ने ध्वजारोहण पश्चात समारोह में परेड का निरीक्षण किया। परेड द्वारा हर्ष फायर किया गया। परेड द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशंसनीय कार्य




के लिए सम्मानित किया एवं उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने शहीद जवानों के परिवारजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीआईजी श्री राहुल भगत, कलेक्टर श्री डोमन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा उपस्थित रहे। समारोह में संयुक्त परेड का नेतृत्व परेड कंमाडर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक श्री नवीन कुमार एक्का ने किया। रक्षित निरीक्षक श्री अरविन्द कुमार साहू ने परेड टू-आई-सी का दायित्व निभाया।

### चुनाव जीतने के बाद कांग्रेसियों ने नहीं दिखाया मुंह,अब प्रचार के लिए दे रहे गांवों में दस्तक

**राजनांदगांव 16 अगस्त।** विधानसभा चुनाव की नजदीकी के चलते सत्ता पार्टी कांग्रेस द्वारा प्रचार अभियान तेज कर दिया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप कांग्रेसी नेता गांव-गांव में दस्तक दे रहे हैं। अधिकांश स्थानों में कांग्रेसियों को लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा है। क्योंकि चुनाव जीतने के बाद पिछले साढ़े चार वर्षो में एक भी कांग्रेसी नेता मूलभूत सुविधाओं से वंचित गांव में नहीं पहुंचा। अब जब विधानसभा चुनाव 2024 की पारी आ चुकी है तब कांग्रेसी नेता जनता का हाल चाल पूछने अपना बहुमूल्य समय निकाल रहे हैं। ऐसा ही एक वाक्या जिले के खुज्जी विधानसभा में सामने आया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान रविवार को खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करेठी में किसान सम्मेलन यानी चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। यह सम्मेलन शुरू होने के बाद ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू कर दिया। सड़क, पानी और पीएम आवास जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए वर्षो से तरस रहे ग्रामीणों का गुस्सा नवाज खान पर ही फूट पड़ा। सम्मेलन में मौजूद एक ग्रामीण ने मंच पर चढ़े नवाज खान के हाथ से माइक छीन लिया और अपनी बातें शुरू कर दी। इतने में पीछे से किसी ने माइक बंद करवा दिया जिससे ग्रामीण और ज्यादा गुस्से में आ गए और मंच पर धक्का मुक्की जैसी स्थिति निर्मित हो गई। इस घटना क्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सम्मेलन में पहुंचे ग्रामीणों ने साफ कहा कि चुनाव जीतने के बाद एक भी कांग्रेसी नेता उनके गांव नहीं पहुंचा है। उनकी गांव की हालत काफी खराब है। पानी टंकी का निर्माण अधूरा है। सड़क बनी नहीं है। ग्रामीणों को कीचड़ में आवागमन करना पड़ रहा है। आवास तो सपना मात्र है। ग्रामीणों की माने तो उनके गांव में आज तक एक भी आवास की स्वीकृति नहीं मिली है। कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर धरातल पर साफ दिखाई दे रहा है। इसलिए उनका गुस्सा जायज है।

### अटल जी का पुण्य स्मरण

**राजनांदगांव 16 अगस्त।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की आज जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पुण्यतिथि पर उनके स्मरण व पुष्पांजली का कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अटल जी का स्मरण करते हुये भाजपा नेताओं ने उन्हे एक महान देशभक्त बताते हुये कहा कि अपने प्रधानमंत्रित्वकाल में अटल जी ने देश को अनेक कालजयी योजनायें प्रदान की गई, जिनमें सड़कों को लेकर उनकी नीति आगे चलकर देश के लिये मॉडल बना। इसी तरह उन्होने भारत को मिल रही विश्व की तमाम धमकियों धता बताते हुये परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाया जिससे भारत सामरिक दृष्टि से अत्यंत मजबूत हुआ। उनका भारत के विकास की परिकल्पना को ही वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी आगे बढ़ा रहे है। उनकी बनाई नींव का ही परिणाम है कि आज भारत विश्व की पांचवी आर्थिक महाशक्ति बन गया है और आने वाले समय में विश्व के तीन महाशक्तियों में एक होगा।

# स्वतंत्रता दिवस पर किया गया ध्वजारोहण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 16 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस की 76वी वर्षगांठ अमृत महोत्सव काल के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण का आयोजन बुधवारी सब्जी मंडी के पास अनिल पाण्डेय की दुकान के सामने किया गया। इस आयोजन की विशेषता यह थी कि यहाँ किसी नेता से ध्वजारोहण ना करा कर समाजसेवी एवम आम जनमानस श्री दर्शन सिंह खालसा जी द्वारा किया गया,तत्पश्चात सभी ने राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अनिल पाण्डेय ने बताया कि छठवीं बार यहां ध्वजारोहण का आयोजन किया गया है। यहाँ प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण किया जाता है,हमारे द्वारा ध्वजारोहण शुरू करने का उद्देश्य प्रतिवर्ष ऐसे एक आम नागरिक को गौरवान्वित करना है जो मानव सेवा में निस्वार्थ भाव से कार्य करते आ रहे है ,जिन्हें चाहकर



भी ध्वजारोहण करने का गौरव प्राप्त नहीं हो पाता है। इस ध्वजारोहण मे मुख्य अतिथि दर्शन सिंह खालसा जी के अलावा आसपास के व्यापारी व मोहल्ले वासी,बच्चो सहित परविंदर सिंह मोन्टी, कृष्णा सिन्हा,ज्योति बड़वाईक, गीता मानिकपुरी,मीना यादव,मनीष सोनी ,गणेश वर्मा, अनिल यादव,सुनील सोनी , संजय जंघेल,शुभम परिहार,नरेंद्र पाण्डेय, ईश्वर समुन्द्रे,चंद्रेश साहू, नरेंद्र सेन, पूजा उज्जवने, शारदा यादव, निर्मला साहू, ठगीया उइके, राजेश रणशूर, हेमन यादव, लक्ष्मीमानिकपुरी,रुकमणि साहू,सेवती उईके,सेवती मानिकपुरी,ईश्वर समुंद्रे,दुर्गी यादव, कौतिका सिरसाम, हिरोंदी निषाद, हनीफा बेगम, तनु सिन्हा,प्रियंका मंडावी, शांति सिन्हा,आदि सम्मिलित हुए ।

# लो-वोल्टेज एवं अघोषित बिजली कटौती से किसान परेशान, दिया अल्टीमेटम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 अगस्त।** एल बी नगर सब स्टेशन की क्षमता बढ़ाने विधायक दलेश्वर साहु जी द्वारा कोई प्रयास तक नहीं होने से लोगों में भारी निराशा है - हेमलाल वर्मा। बारिश रूकने से गर्मी एवं उमस दोनों बढ़ चुका है, खेत सुख रहे हैं किसान हताश हैं। इसके साथ दोहरी मार अघोषित बिजली कटौती एवं लो ओल्टेज कर रही है, क्षेत्र के किसानों की समास्याओं को लेकर लाल बहादुर नगर क्षेत्र के भाजपा किसान नेता हेमलाल वर्मा के नेतृत्व में 20 गांव के किसानों ने बिजली विभाग लाल बहादुर नगर में आज ज्ञापन सौंपकर कनिष्ठ अभियंता अनुराग कोर्राम जी को समास्याओं




से अवगत कराया। हेमलाल वर्मा ने बताया कि लगभग 15 दिनों से लो ओल्टेज और बिजली कटौती से किसान एवं आम जनता त्रस्त है, किसी भी गांव में ठीक से बोर पंप नहीं चल रहा है और ना ही पंखा चल रहा है,दिन भर किसान मेहनत करके शाम को घर आता है बिजली बंद रहने से चैन से आराम तक नहीं कर पा रहा है। किसानों के खेत सुख रहे हैं फसल को तुरंत पानी की आवश्यकता है बोर पंप नहीं चलने से किसान दुखी हैं। हेमलाल वर्मा ने किसानों के साथ ज्ञापन सौंपकर एक सप्ताह का अल्टिमेटम दिया है और कहा है कि इससे पहले लो ओल्टेज और बिजली कटौती को ठीक नहीं किया गया ,तो अगले सप्ताह क्षेत्र के 20 गांव के किसानों के साथ डोंगरगढ़ नागपुर सड़क पर चक्काजाम करेंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन और बिजली विभाग की होगी। हेमलाल वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहु जी को दस साल हो गए विधायक बने लेकिन उन्होंने कभी भी लाल बहादुर नगर सब स्टेशन की क्षमता बढ़ाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जिससे क्षेत्र के लोगों में विधायक के प्रति नाराजगी है और उसी का नतीजा है कि प्रतिवर्ष क्षेत्रवासियों को ऐसे समास्याओं का सामना करना पड़ता है । इनका भी हिसाब क्षेत्र के किसान साथी विधायक दलेश्वर साहु जी से जरूर लेंगे। ज्ञापन सौंपने समय प्रमुख रूप से भाजपा किसान नेता हेमलाल वर्मा, पूर्व सरपंच देवेन्द्र कुमार साहु, रामाधार ओझा, राजकुमार ताम्रकार, घनश्याम वैष्णव, कुशल साहु, अवध राम साहु, टेकचंद अग्रवाल, संतोष धरमगुड़े, पुरानिक साहु, संतोष बंजारे, जितेन्द्र सिन्हा, लखन साहु, चुन्नी पढ़ारे, उत्तम कुमार, योगेश कुमार, गणेश साहु,बित्तू लाल सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

संपादकीय

# मजबूत सरकार तो मजबूत देश

किसी भी देश की राजनीति का मकसद देश की भलाई व देश के लोगों का कल्याण होता है। लेकिन जब देश के राजनीतिक दल देश की भलाई की जगह अपने हित साधने के लिए राजनीति करते हैं तो इससे देश का भला नहीं होता है। देश के स्वतंत्रता दिवस पर लोगों को यह जानने व पहचानने की जरूरत है कि देश के लिए कौन सोच रहा है,देश के लिए कौन क्या कर रहा है। देश की मजबूती के लिए कौन सोच रहा है और देश की सत्ता किसी भी तरह हासिल करने के लिए कौन सोच रहा है। देश के लोग भूले नहीं है जब देश कई दशकों तक कमजोर सरकारों के कारम आर्थिक विकास से लेकर कई अहम क्षेत्रों में कई साल पीछे हो गया था। हमार छोटे छोटे पड़ोसी देश तक हमें धमकाते थे, डराते थे। देश के लोगों को तब इस बात का एहसास हुआ था कि देश में मजबूत सरकार होनी चाहिए। देश में मजबूत सरकार ही देश की रक्षा कर सकती है। देश के लोगों का साझा सरकार का अनुभव भी बुरा रहा है। साझा सरकार के दौरान सरकार में शामिल दल भ्रष्टाचार करते हैं तो पीएम कुछ कर नहीं पाते हैं। साझा सरकार मतलब होता है कि सरकार पांच साल पूरा नहीं कर पाएगी। कोई न कोई दल समर्थन वापस लेकर सरकार को गिरा देता है, सरकार पांच दस साल चलती भी है तो उसका मुखिया इतना कमजोर होता है कि वह देश हित के काम ही नहीं कर पाता है। वह भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगा पाता है। साझा सरकार में शामिल दल अपने राजनीतिक हित को देखते हैं,देश का हित उनके लिए गौंण होता है। साझा सरकार कोई बड़ा काम भी नहीं कर पाती है। कोई बड़ा राजनीतिक, आर्थिक लक्ष्य भी तय नहीं कर पाती है। साझा सरकार के दौरान विदेशी ताकते इतनी हावी हो जाती है कि वह कमजोर सरकार को अपने हित के लए आर्थिक नीति बनाने का मजबूर कर देती हैं। साझा सरकार हो तो आंतकवाद के जरिए देश को कमजोर की साजिश चलती रहती हैं। देश का साझा सरकार का अनुभव बुरा रहा है, इसलिए 2014 के बाद देश की जनता का एक संकल्प है कि मजबूत नेता, मजबूत सरकार, मजबूत देश। देश की जनता ने दो बार लोकसभा चुनाव में भाजपा व नरेंद्र मोदी का बहुमत देकर साबित किया है कि उसकी प्राथमिकता मजबूत सरकार है। मजबूत सरकार तब ही बनती है जब कोई मजबूत नेता होता है। नेता मजबूत होता है तो देश मजबूत होता है। हर क्षेत्र में देश विकास करता है। आज अन्न से लेकर अंतरिक्ष तक देश दुनिया के तमाम देशों के साथ होड़ लगा रहा है। देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत है। विश्व के तमाम देशों की आर्थिक हालत जब कमजोर है तो भारत विश्व के लिए ब्राइट स्पाट बना हुआ है। विश्व में पीएम मोदी एक मजबूत नेता माने जाते हैं, लोकप्रिय नेता माने जाते हैं। हर मंच पर उन्हें बुलाया जाता है,हर मंच पर उनकी बात सुनी जाती है। निवेश के मामले में भारत इन दिनों चीन को टक्कर दे रहा है। चीन में पैसा लगाने वाला लोग अब भारत में पैसा निवेश करना ज्यादा सुरक्षित समझ रहे हैं। लोग चीन से पैसा निकाल कर भारत में लगा रहे है तो इसलिए की भारत की आर्थिक स्थिति चीन के मुकाबले बेहतर है। विश्व के लोग जब चीन में निवेश करने को सुरक्षित मानते थे तब चीन विश्व की आर्थिक शक्ति बना था, आज भारत चीन के मुकाबले आ खड़ा हुआ है तो यह चीन कैसे सहन कर सकता है। वह विश्व मंच पर भारत का सीधा मुकाबला नहीं कर सकता है तो वह साजिश कर भारत को कमजोर करना चाहता है। उसके इस काम में यहां के मीडिया के कुछ लोग, कुछ राजनीतिक नेता मदद कर रहे हैं। ऐसे ही लोग मणिपुर जैसे छोटे से राज्य में जातीय हिंसा का बहुत बड़ा मुददा बनाकर विश्व को बताना चाहते हैं कि भारत में कुछ भी ठीक नहं है। ऐसे देशद्रोही नेता व मीडिया कर्मियों को पहचानना देश के लोगों को जरूरी है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि:** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आप हर्ष और उल्लास से भरे रहेंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ विपरीत परिस्थितियों को सुधारने की कोशिश करेंगे। जिसे अपनी मेहनत के दम पर ठीक करने में सफल होंगे। आपको अपने परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। संतान की सफलता से आपका मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी।

**वृष राशि:**आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आर्थिक दृष्टि से आप कई बड़े महत्वपूर्ण कार्य करने में कामयाब रहेंगे। आपको छोटी-छोटी बातों में अनावश्यक तर्क वितर्क करने से बचना चाहिए। सूझ-बुझ से कार्य करेंगे तो सफलता मिलनी तय है। सरकारी कार्यो में बड़े अधिकारियों से आपको सहयोग मिलेगा।

**मिथुन राशि:**आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपका संपर्क सीनियर एवं अनुभवी लोगों से होगी जिनसे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी करने का प्लान बनाएंगे। आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट पर कार्य करने का अवसर मिल सकता है। अपनी सुझबुझ से जल्दी पूरा करने की कोशिश करेंगे। आपके पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर होंगी।

**कर्क राशि:**आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। आप कार्यक्षेत्र में लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर सक्रिय रहेंगे। प्रशासनिक कार्यो से जुड़े लोगों के लिए दिन अनुकूल है। आपका परिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। घर में कोई धार्मिक आयोजन का प्लान बना सकते हैं। आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

**सिंह राशि:**आज का दिन आप रोज से बेहतर बिताएंगे। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। आपको दोस्तों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे। आप अपने प्रोफेशनल तथा पारिवारिक जीवन में सक्रिय बने रहेंगे। आप अपनी व्यवसायिक योजनाओं में नए बदलाव करेंगे। जिससे आपको आपके व्यवसाय में प्रगति देखने को मिलेगी। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**कन्या राशि:**आज आपके लिए दिन पॉजिटिव रहेगा। व्यापारियों के लिए लाभ के योग बने हुए है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। दोस्तों से आपकी दोस्ती और मजबूत बनेगी। आपके कार्यो में उनका भरपूर सहयोग मिलेगा।

**तुला राशि:**आज का दिन आपके लिए बदलाव लेकर आएगा। आप कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। आप नौकरी बदलने का विचार करेंगे। जिन लोगों को नौकरी की तलाश है, उन्हें नई नौकरी मिलने के योग हैं। आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश कर सकते हैं। इसमें आपको अच्छे लाभ की संभावना है।

**वृश्चिक राशि:**आज आपका दिन पॉजिटिव रहेगा। आपको अपने माता-पिता का आशीर्वाद मिलेगा। जिससे आपके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। गवर्नमेंट सेक्टर में कार्यरत कर्मचारियों को सीनियर्स के द्वारा प्रोत्साहन मिलेगा। प्रमोशन मिलने के योग बने हुए हैं। किसी भी कार्य को करते वक्त सावधानी बरतें, तो कार्यो को ठीक ढंग से पूरा करने में सफल होंगे।

**धनु राशि:**आपके लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। आपको किसी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा। कार्यो में दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा, जिससे दोस्ती में विश्वास बढ़ेगा। आपके व्यापार में कोई नया समझौता हो सकता है, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक रहेगा। आमदनी की अच्छे सोर्स मिलेंगे।

**मकर राशि:**आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिवार के लोगों का आपके प्रति विश्वास बढ़ेगा। आप अपनी योजनाएं समझाने में कामयाब रहेंगे। माता-पिता आपकी बातों से बहुत प्रभावित होंगे। ऑफिस में आपका अच्छा प्रदर्शन रहेगा, बॉस आपके कार्यो की तारीफ करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**कुंभ राशि:**आज आपका दिन शुभ रहेगा। परिवार के किसी व्यक्ति को बड़ी सफलता मिलने से परिवार में खुशी का माहौल बनेगा। ऑफिस के कार्यो में व्यस्त रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को आज पार्टी के तरफ से कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। जिसे पूरा करने में आपको सफलता भी मिलेगी।

**मीन राशि:**आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आपको ऑफिस में कोई बड़ा पद मिल सकता है। जिससे घर में सभी को प्रसन्नता होगी। परिवार के साथ कहीं घूमने की योजना बनाएंगे। बिजनेस सम्बन्धी किसी यात्रा पर जाएंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कॉलेज के किसी प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा, जिसमें आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा। वकालत कर रहे छात्रों को आज किसी बड़े वकील के साथ इन्टर्न करने का मौका मिलेगा। ट्रांसपोर्ट का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा मुनाफा होगा। कार्यो में जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपके बदले हुए स्वभाव से आज आपके परिवार वाले प्रसन्न रहेंगे।

# भ्रष्टाचार में डूबी अनियोजित सिवरेज प्रणाली झेलने को मजबूर जनता

गड़बड़झाला

निर्मल रानी



देश के बड़े भाग में पिछले दिनों बाढ़ व जलभराव के दृश्य देखने को मिले। हरियाणा पंजाब व हिमाचल के तो बहुत से ग्रामीण व शहरी इलाक़े अभी तक भारी बारिश व जल भराव का सामना कर रहे हैं। जहाँ जहाँ ज़मीन का स्तर नीचा है वहां अभी भी जलभराव के दृश्य देखे सकते हैं। रुका हुआ पानी काला हो गया है तथा पास पड़ोस के लोग सड़ांध भरी दुर्गन्ध में जीने के लिए मजबूर हैं। शहरों में बारिश और जलभराव के सीधे प्रभाव से जहां नालियां व नाले उफान पर रहते हैं और अतिप्रवाहित (ओवर फ़्लो ) होकर बहते हैं वहीँ सीवरेज प्रणाली भी जवाब दे जाती है। बारिश में देश के विभिन्न राज्यों में सीवर के मेनहोल के ओवर फ़्लो होकर बहने के नज़ारे देखे जा सकते हैं। जिससे लोगों का रास्ता चलना दुश्वार हो जाता है। पूरे प्रभावित क्षेत्र में प्रदूषण व दुर्गन्ध का माहौल रहता है।

बेशक देश में बढ़ती आबादी के मद्देनज़र सीवरेज प्रणाली मल मूत्र निपटाने की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुगम एवं निर्बाध व्यवस्था है। परन्तु यही व्यवस्था यदि ग़लत योजना का शिकार हो जाये तो नागरिकों के लिये सुविधा के बजाये बड़ी असुविधा का करक बन जाती है। और ख़ुदा न ख़्वास्ता अनियोजित सीवरेज प्रणाली होने के साथ साथ इसके निर्माण में भारी भ्रष्टाचार भी हुआ हो फिर तो ऐसी योजना को जनता के लिये नासूर ही समझा जा सकता है। ऐसी योजनायें केवल बारिश ही नहीं बल्कि प्रत्येक ऋतु में बाधित व कष्टदायक रहती हैं। उदाहरण के तौर पर हरियाणा के अंबाला सहित अन्य कई शहरों में बिछाई गयी सीवरेज प्रणाली तो



पूरी तरह से फ़ेल हुई दिखाई देती है। यहां कभी कभी बिना बारिश के ही सीवर लाइन का प्रवाह बाधित हो जाता है। इसमें कई तकनीकी ख़ामियां हैं। उदाहरण के तौर पर सीवरेज लाइन में ही सड़कों पर बहने वाली नालियों यहाँ तक कि नालों को भी कई जगह जोड़ दिया गया है। आम तौर पर लोगों ने अपने घरों की जल निकासी का पाईप भी सीवर में होल में जोड़ दिया है। परिणाम स्वरूप नालियों की प्लास्टिक कपड़ा बोतल व अन्य कचरा कबाड़ भी नाली के माध्यम से सीवर पाइप लाइन में चला जाता है। और सीवर लाइन के परवाह को बाधित करता है। कहीं भी सरकार की ओर से ऐसी व्यवस्था नहीं है कि नाली से सीवर में जाने वाले पानी के साथ बहने वाले कचरे कबाड़ को किसी जाली या बाधा से रोका जा सके।

दूसरी समस्या यह है कि भूतलीय सीवर पाईपलाइन अपेक्षाकृत कम क्षमता वाली बिछाई गयी है। निरंतर बढ़ती आबादी के मद्देनज़र इसे आने वाले समय व ज़रुरत के अनुरूप बनाना चाहिये था। परन्तु अफ़सोस तो यह कि जिस समय इसे बिछाया जा रहा था तभी से इस बात की चर्चा ज़ोरों पर थी कि जिस ढंग से इस योजना को कार्यान्वित किया जा रहा है उसे देखकर इस सीवर प्रणाली का सफल होना मुश्किल ही लगता है। जगह जगह मेनहोल पर लगे मेन होल कवर आपको टूटे फूटे मिल जायेंगे। कई टूटे ढक्कनों के लोहे के रिंग बाहर निकले होते हैं। कई मेनहोल के पास गड्ढे होते हैं। इनमें कई बार स्कूटर व साईकिल सवार गिर कर घायल हो चुके हैं। तमाम जगहों पर तो सीवर मेन होल कवर और सड़क के लेवल में इतना अंतर है कि दुर्घटना हो जाती है। कहीं मेन होल कवर ज़मीन की सतह से ऊपर निकला है तो कहीं लेवेल से इतना नीचे है कि वहां गड्ढा सा बना हुआ है। इसी तरह मुख्य मार्गो पर पड़ने वाले वे बड़े मेनहोल जिनमें कई दिशाओं की सीवर पाइप लाइन जुड़ती है वह तो कई जगह पर पूरा जंकशन बॉक्स ही बैठा मिलता है। नतीजतन वहां बड़ा गड्ढा बन जाता है। इसकी मुरम्मत का काम भी आसान नहीं। नियमानुसार इस जगह नये जंक्शन के निर्माण का नये सिरे से टेंडर होता है। जब तक वह सरकारी औपचारिकताएं पूरी नहीं होतीं तब तक राहगीर,ट्रैफ़िक सभी परेशानी में पड़े रहते हैं।इसके अतिरक्त सबसे बड़ी बात यह कि तब तक उस क्षतिग्रस्त स्थान से जुड़ने वाली सभी दिशाओं की सीवर लाइंस ओवर फ़्लो रहती हैं। कई जगह ज़मीन के बराबर लेवल पर बने पुराने मकानों में तो सीवर का पानी घरों में वापस आ जाता है। भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी यह फ़ेल सीवरेज व्यवस्था तथा भ्रष्टाचार में ही डूबी शहरों की नाला व नाली निर्माण योजना का ही दुष्परिणाम है कि सीवर और नालियों का गन्दा पानी नालियों से रिसकर लोगों के घरों में इकठ्ठा होता रहता है। सीवर व नालियों के बाधित (चोक ) होने की स्थिति में यह कुछ ज़्यादा ही रिसता है। परिणामस्वरूप लोगों के घरों की बुनियादें कमज़ोर होती हैं। घरों की दीवारों में सीलन रहती है और दीमकों का वास होने लगता है। बीमारी के फैलने का ख़तरा बना रहता है और दुर्गन्ध अलग पसरी रहती है। इसी बाधित सीवर व नालियों के ही नतीजे में जलापूर्ति की लीक लाइनों में भी गंदिगी प्रवेश कर जाती है।

जनता के साथ इससे बड़ा अन्याय और क्या हो सकता है कि चाहे सीवर प्रणाली लोगों के लिये सुविधा के बजाये घोर असुविधा क्यों न पैदा कर रही हो परन्तु सम्बद्ध प्रशासन को उसका नियमित व निर्धारित भुगतान ज़रूर समय पर चाहिये। यदि देरी हुई तो जुरमाना। इसी तरह भ्रष्टाचार से बनी नालियों का पानी आपके घरों में रिसकर जा रहा हो फिर भी संबद्ध प्रशासन को गृह कर व नाली आदि के कर ज़रूर समय पर चाहिये। सड़कों में जितने चाहे गड्ढे हों और जितने लंबे समय तक क्यों न हों,लोग घायल हों या मरें ,सरकार की बला से, परन्तु सरकार को रोड टैक्स पूरा चाहिये। बल्कि इनमें समय समय पर इज़ाफ़ा भी होता रहता है। परन्तु असहाय व असंगठित जनता कभी धर्म तो कभी जातियों के नाम पर बंटकर इस भ्रष्ट व्यवस्था के कर्णधारों की लूट खसोट की सुनियोजित साज़िश का शिकार हो जाती है और जीवन के सबसे ज़रूरी मूल मुद्दों से उसका ध्यान भटक जाता है। यही वजह है कि जनता भ्रष्टाचार में डूबी अनियोजित सीवरेज प्रणाली को भी झेलने के लिये मजबूर है।

# नये भारत को गढ़ता एक महानायक का उद्बोधन

चर्चा में

ललित गर्ग



लालकिले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह में इस वर्ष का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के नाम उद्बोधन अमृतकाल के कालखंड के सन्दर्भ में एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति रहा है। भले ही राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने वाले इसे वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि यह उद्बोधन भारत की भावी दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व गुरु बनाने एवं दुनिया की आर्थिक महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है। लेकिन यह सत्य है कि मोदी ने 2024 के आम चुनाव के लिये आशीर्वाद मांगा, अगले वर्ष भी लालकिले से वे ही भाषण देंगे, ऐसा आत्म विश्वास भी व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने न केवल अपने शासनकाल की उपलब्धियों को गिनाया बल्कि उन्होंने अगले पांच वर्ष के लिए भी देश की प्रगति का खाका खींच दिया। उन्होंने 10 वर्षो में देश की अर्थव्यवस्था को दसवें नम्बर से पांचवें नम्बर तक लाने को उपलब्धि बताते हुए अगले पांच वर्ष में देश को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का भरोसा भी दिया। निश्चित ही अब तक हुए लालकिले की प्राचीर के उद्बोधनों में सर्वाधिक प्रेरक, संकल्पमय एवं नये भारत-सशक्त भारत की इबारत लिखने वाला उद्बोधन रहा। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर बढ़ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली होने का आह्वान है।

विपक्ष आलोचना के लिए स्वतंत्र है और वह प्रधानमंत्री के भाषण को चुनावी भाषण करार दे सकता है। लेकिन स्वतंत्रता दिवस का उद्बोधन राष्ट्र के नाम ऐसा उद्बोधन होता है जो इस बात विश्लेषण करता है कि हम कहां से कहां तक पहुंच गए। अंतरिक्ष हो या समंदर, धरती हो या आकाश, देश हो या दुनिया आज हर जगह भारत का परचम फहरा रहा है, भारत ने जितनी प्रगति की है उसे देखकर हर देशवासी को भारतीय होने का गर्व हो रहा है तो इसका श्रेय मोदी को दिया जाना कोई अतिश्योक्ति नहीं है, इसकी चर्चा करना राजनीतिक नहीं, भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक समृद्धि का बखान है। हर भारतवासी मोदी के उद्बोधन से इसलिये भी प्रेरित एवं प्रभावित हुए है कि उन्होंने पहली बार समूचे देश को एक परिवार के रूप में प्रस्तुति देते हुए बहनों और भाइयों तथा मित्रों की जगह देशवासियों को परिवारजन कहकर सम्बोधित किया और 90 मिनट के भाषण में उन्होंने 26 बार परिवारजन शब्द का इस्तेमाल किया।

केवल अपना उपकार ही नहीं परोपकार भी करना है। अपने लिए नहीं दूसरों के लिए भी जीना है। यह हमारा दायित्व भी है और ऋण भी, जो हमें अपने समाज और अपनी मातृभूमि को चुकाना है। परशुराम ने यही बात भगवान कृष्ण को सुदर्शन चक्र देते हुए कही थी कि वासुदेव कृष्ण, तुम बहुत माखन खा चुके, बहुत लीलाएं कर चुके, बहुत बांसुरी बजा चुके, अब वह करो जिसके लिए तुम धरती पर आये हो। मोदी ने भी देश की जनता में जोश एवं संकल्प जगाते हुए ऐसा ही कुछ कहा जो जीवन की अपेक्षा को न केवल उद्घाटित करता है, बल्कि जीवन की सच्चाइयों को परत-दर-परत खोलकर रख देते हैं।

भारत तो अतीत से विश्व को परिवार मानता रहा है, तभी उसने वसुधैव कुटुंबकम् का मंत्र उद्घोष किया। मोदी ने अतीत की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए विश्व को अपना परिवार मानने की भावना का परिचय कोरोना काल में दिया ही, जी-20 समूह के ध्येय वाक्य के रूप में भी वसुधैव कुटुंबकम् का चयन किया। हम भारत के लोग विश्व मंगल की कामना की पूर्ति तभी अच्छे से कर सकते हैं जब पहले राष्ट्र मंगल की भावना से ओतप्रोत हों। इसके लिये जो अतीत के उत्तराधिकारी और भविष्य के उत्तरदायी है, उनको दृढ़ मनोबल और नेतृत्व का परिचय देना होगा, पद, पार्टी, पक्ष, प्रतिष्ठा एवं पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर। यही भावना सबल सक्षम और समरस राष्ट्र बनाएगी और विश्व में भारत का मान बढ़ाएगी, इसी से भारत विश्वगुरु बनेगा।

अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणओं वाले इस बार के उद्बोधन एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह की सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि इसमें नई संसद बनाने वाले श्रमिक, नर्सो, देशभर के कई क्षेत्रों के कामगार और सीमांत क्षेत्रों के वाइब्रैंट गांव के सरपंचों को आमंत्रित किया गया। यह श्रम की प्रतिष्ठा और श्रम की पहचान देने वाला अनूठा एवं प्रेरणस्पद आयाम था। प्रधानमंत्री ने श्रमिक वर्ग को इस बात का अहसास कराया है कि भारत के मजबूत लोकतंत्र और प्रगति में उनका योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि अन्य लोगों का। प्रधानमंत्री ने जमीन से जुड़ी प्रतिभाओं को पद्म सम्मान देकर भी भारत के जन-जन को उचित सम्मान देने की परम्परा का सूत्रपात किया है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश की जनता को न केवल प्रेरित किया, बल्कि यह भरोसा भी दिलाया कि अनेक चुनौतियों के बावजूद भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और विकसित राष्ट्र का सपना साकार होने को है। प्रधानमंत्री ने कामगारों के लिए चाहे वह बाल काटने वाले हों या कपड़ों की धुलाई करने वाले या फिर अन्य छोटे-मोटे धंधे करने वाले के लिए 15 हजार करोड़ की विश्वकर्मा योजना शुरू करने की घोषणा की है। ऐसे वर्गो के लिए ऐसी योजना विश्वकर्मा जयंती पर शुरू होगी। 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र को साकार करते हुए मोदी देश की तकदीर एवं तस्वीर बदलने में जुटे हैं।

प्रधानमंत्री ने देश में आतंकवादी वारदातें कम होने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च किया है और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। निश्चित ही भारत से गरीबी दूर हो रही है। उन्होंने देशवासियों को?इस बात का अहसास कराया कि जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होता है तो तिजोरी ही नहीं भरती बल्कि देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है।?उन्होंने देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आह्वान भी किया क्योंकि ये गरीब, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों का हक छीनते हैं। मणिपुर हिंसा पर उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर मणिपुर समस्या के समाधान के लिए काम कर रही है और शांति से ही समस्याओं का समाधान निकलेगा। आज देश की मातृशक्ति सफलता के नए आयाम गढ़ रही है।

हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हमें विश्व की ओर ताकने की आदत छोड़नी होगी, राजनीतिक संकीर्णता से भी ऊपर उठना होगा, जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति की ओर कदम बढ़ा चुका है। हम चिन्तन के हर मोड़ पर कई भ्रम पाल लेते हैं। कभी नजदीक तथा कभी दूर के बीच सच को खोजते रहते हैं। इस असमंजस में सदैव सबसे अधिक जो प्रभावित होती है, वह है हमारी युग के साथ आगे बढ़ने की गति। हमें जीवन का एक-एक क्षण जीना है- अपने लिए, दूसरों के लिए यह संकल्प सदुपयोग का संकल्प होगा, दुरुपयोग का नहीं। बस यहीं से शुरू होता है नीर-क्षीर का दृष्टिकोण। यहीं से उठता है अंधेरे से उजाले की ओर पहला कदम।

इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस की थीम भी यही रही कि 'राष्ट्र पहले, हमेशा पहले।' इसकी संपूर्ण झलक हमें कालजयी नेतृत्व मोदी के संबोधन में मिली जो 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने का रोडमैप था। जब मोदी ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि 'सुनो चुनौती सीना तान, जग में बढ़ाओ देश का नाम'- तो यह दुनिया के सामने भारत के युवाओं के सामर्थ्य का एलान था। रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म अब देश की कार्यसंस्कृति का हिस्सा बन गए हैं। इनके चलते नीतिगत स्थिरता, बेहतर समन्वय और ईज आफ डूइंग बिजनेस की स्थिति सुधरी है। इससे भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है।

## सेहत नवजात के लिए क्यों जरूरी है टमी टाइम

नवजात बच्चे बहुत ही नाजुक होते हैं. उनकी अच्छी ग्रोथ के लिए उनका खास ख्याल रखना पड़ता है. हर मां-बाप को शिशुओं के हेल्थ से जुड़े बातों को समझना और उन्हें फॉलो करना जरूरी होता है. जिस तरह से नवजात को आप टाइम टू टाइम खाना खिलाते हैं(

नहलाते हैं, गोद में टहलते हैं, इसी तरह नवजात के लिए टमी टाइम भी जरूरी होता है, जी हां टमी टाइम... इसका मतलब बच्चों का पेट के बल लेटना. यह बच्चों के विकास के लिए काफी जरूरी होता है. कुछ बच्चे खुद ही पलट जाते हैं और पेट के बल खेलते हैं लेकिन अगर आपका बच्चा पेट के बल लेट नहीं कर रहा है तो आपको उसे पेट के बल लेटाना चाहिए. आइए जानते हैं, इसे कितने टाइम के लिए करना चाहिए।

### क्यों जरूरी है टमी टाइम?

टमी टाइम का मतलब है बच्चों का पेट के बल लेटना वो भी उस टाइम जब बच्चा जाग रहा हो. कहा जाता है कि इस पोजीशन में बच्चों के लेटने से ओवरऑल डेवलपमेंट होता है.इससे दिमाग तेज होता है. इस पोजीशन में बच्चा खुद को मूव करता है. इस वजह से बच्चे का बॉडी मूवमेंट ठीक होता है.

यूएसए के नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ चाइल्ड हेल्थ एंड ह्युमन डेवलपमेंट में पब्लिश्ड रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे के लिए टमी टाइम जरूरी है. इससे गर्दन और कंधे के मांस पेशियों का विकास होता है.बड़े मसल्स जैसे पैर हाथ और शरीर के धड़ के विकास में भी फायदा मिलता है.

बच्चों में फ्लैट हेड सिंड्रोम का भी खतरा कम होता है. टमी टाइम की वजह से बच्चे के बॉडी को स्ट्रैंथ मिलती है. शिशु के सेंसरी डेवलपमेंट में मदद मिलती है. स्कल डिफॉरमेटी में भी मदद मिलती है. मोटर स्किल डेवलपमेंट में भी सहायता मिलती है.

### कितने देर का होना चाहिए टमी टाइम?

आप शुरू-शुरू में बच्चों को सिर्फ 3 से 5 मिनट तक के लिए पेट के बल लिटा सकते हैं. जैसे-जैसे आपका बच्चा बड़ा होता है आप उसे दिन भर में 4 से 5 बार 5 से 10 मिनट के लिए पेट के बल लिटा सकते हैं. डॉक्टर का कहना है कि 2 महीने तक की उम्र के बच्चे को हर दिन 15 मिनट से लेकर आधे घंटे तक छोटे-छोटे ब्रेक पर पेट के बाल लिटाया जा सकता है.3 महीने के बच्चे 1 घंटे तक पेट के बल लेट कर रह सकते हैं।

# नजर का फेर

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



आँखें केवल देखने के लिए ही नहीं, धोखा खाने के लिए भी होती हैं। क्लाउडबस्टर सी आँखें भी फटती हैं, जरूरत है तो नमी की या फिर कमी की। नमी और कमी के बीच आँखें जुबान से भी ज्यादा बतियाने लगती हैं। रीटा का भी यही हाल है। आठ ग्रहों वाले सौरमंडल में, पृथ्वी ही ऐसा ग्रह है जहाँ दो सौ से ज्यादा देश, सात हजार से ज्यादा द्वीप और लगभग सात अरब से अधिक इंसानी बुत रहते हैं। लेकिन रीटा को प्यार करने के लिए एक ऐसा बुत मिला जो धोखा देने के सिवाय कुछ नहीं जानता। भाई, इस धरती का गजब दस्तूर है। धोखा थोक में और प्यार फुटकर में मिलता है।

रीटा भावनाओं और उसकी सहेली मौनिका वास्तविकताओं में जीती हैं। इसलिए एक दुखी और दूजी खुश रहती है। भावनाओं में कविता और वास्तविकताओं में गणित का सिलेबस बसता है। दोनों का सिंपल लॉजिक है। कविता वन प्लस वन को ग्यारह और मैथ्स उसी को टू समझता है। एक फील और दूजा रियल से बना है। रीटा मौनिका के सामने हमेशा रोती और कहती - लड़के छूट और लड़कियाँ शर्मींदगी के लिए पैदा होते हैं। शाम के छः केवल लड़कियों के लिए बजते हैं लड़कों के लिए कुछ बजता ही नहीं। वे तो केवल बजाने के लिए पैदा होते हैं। कभी किसी की फीलिंग बजा दी तो कभी किसी का कुछ। अंधेरा तो केवल लड़कियों के लिए होता है, लड़कों के लिए उजाला होता है।

मौनिका डेट पर जाने वाली मॉडर्न लड़की है। वह रोने-धोने और गिड़गिड़ाने जैसे कोर एलिमेंट से नहीं बनी है। बल्कि वह इसी एलिमेंट को एलिमिनेट करती है। वह रीटा को हमेशा समझाती है ङ्क इंसान धोखा तभी खाता है, जब धोखा खाने के लिए वह स्वयं आगे आता है। मिर्ची और धोखे का कुछ भी भरोसा नहीं। कभी भी कहीं भी डाली और दी जा सकती है। आँखें खोलकर सोने वाले आँखें बंद करके सोने वालों से कहीं ज्यादा खतरनाक होते हैं। सच तो यह है कि धोखा अंधविश्वास में होता है, विश्वास में नहीं। लड़का और लड़की में 'लड़क' कॉमन है। इस कॉमन में कोई आ की मात्रा सा खड़ा हुआ तो कोई ई की मात्रा सी सिर झुकाए हुए है। उठा सिर जहाँ धोखा देने के लिए तो वहीं झुका सिर धोखा खाने के लिए तैयार रहता है। अब लड़की को भी लड़का सा दिखना होगा। चूल्हे में सुलगती आग केवल खाना पकाने के लिए नहीं होती। यही आग लड़की को लड़का बनाने के लिए भी होती है। जमाने की सोच से डरने वाले खुद की सोच नहीं बदल सकते। सोच जब शौच सा दुर्गंध देने लगे तो उसे निकाल बाहर करना चाहिए। लड़की बनकर लड़की दिखना लड़की की सबसे बड़ी भूल है। जब तक यह भूल होगी तब तक स्वतंत्रता बेइमानी लगेगी।

# एक तीर-एक कमान आदिवासी एक समान

## विश्व आदिवासी दिवस पर सर्व आदिवासी समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए उद्योग व आबकारी मंत्री कवासी लखमा





**सुकमा 16 अगस्त।** माननीय मंत्री श्री कवासी लखमा जी के द्वारा बिरसा मुंडा, गुंडा धुर, शाहिद वीर नारायण सिंह का जयकारा लगा कर सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने के कहा की एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान। सर्व आदिवासी समाज सुकमा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी समाज के लोग हजारों की संख्या में उपस्थित रहे जिसको देख मंत्री जी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा की पहले छोटे छोटे स्तर पर अलग अलग जगहों पर कार्यक्रम होते थे लेकिन इस बार सर्व आदिवासी समाज के लोगों के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजन बड़े स्तर पर किया गया जिसमे सभी की एकता सराहनीय है लोग एक साथ बैठकर समाज के लिए चिंतन मनन कर रहे है एकता में ही सकती है हमे इस बात को बखूबी जानते है। हम सभी राजनीतिक लोगो को पार्टी से उठकर समाज के भलाई के लिए आगे आना चाहिए।

उन्होंने कहा की आज हमारी सरकार आदिवासियों के लिए सामाजिक भवन बनने का काम कर रही है। आज सभी जिलों में आदिवासी भवन बन रहे है तथा सरकार के द्वारा सहयोग राशि भी दी जा रही है।

तोंगपाल को तहसील बनाने के साथ ही वहाँ कॉलेज खोलने का काम, पक्की सड़क निर्माण जैसे विकास पर गति देने का काम किया जा रहा है। आज बैगा-गुनिया, गायता, पुजारी, पेरमा, हाथ परिया, चालकी, को निश्चित मानदेय दिया जा रहा है जिससे इनकी संस्कृति निरंतर चलती रहे। आज जगरगुंडा, बड़ेसेट्टी, फूलबगड़ी जैसे अंदरूनी इलाकों में भी राशन वितरण का काम किया जा रहा है।

आज बस्तर में 4 साल में सबसे ज्यादा साईकल, मोटर-गाड़ी, ट्रेक्टर खरीदा जा रहा है। सरकार की योजनों के फलस्वरूप गरीब आदिवासियों के जेब मे पैसा आ रहा है। हमारी सरकार के द्वारा निर्दोष 1700 आदिवासियों को जेल से छुड़ाने के काम किया गया। 15 साल की सत्तारूढ़ सरकार ने बस्तर में 300 स्कूल बंद करने का पाप किया, जिससे बच्चों की क्या दुर्गति हुई इसे आप भली भांति से जानते है। कांग्रेस की सरकार आज शिक्षा पर बल दे रही है, आज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के जरिये बच्चों का भविष्य संवारने के काम कर रही है। उच्च शिक्षा के तहत आज बस्तर के अंदरूनी इलाको में बंद पड़े स्कूल को भी खोला जा रहा है उसके साथ ही स्मार्ट तरीके से शिक्षा दी जा रही है।

# स्वतंत्रता दिवस पर 210वीं कोबरा बटालियन के चार कमांडो कीर्ति चक्र से सम्मानित





भारी गोलीबारी और आईईडी विस्फोटों के बावजूद अपने साथियों की रक्षा करते हुए अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत अपने वीरों के अडिग साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। 210 कोबरा बटालियन के चार कमांडों को मरणोपरांत देश के दूसरे सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार, कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के सम्मानित प्राप्तकर्ता निरीक्षक दिलीप कुमार दास, हेड कांस्टेबल राज कुमार यादव, कांस्टेबल बबलू राभा और कांस्टेबल शंभू रॉय हैं।

इन कमांडों ने दिनांक 3 अप्रैल 2021 को बीजापुर, छत्तीसगढ़ में माओवादियों की पीएलजीए बटालियन जो उनकी सबसे सशक्त सैन्य टुकड़ी है के खिलाफ एक जवाबी कार्रवाई के दौरान भारी गोलीबारी और आईईडी विस्फोटों के बावजूद अपने साथियों की रक्षा करते हुए अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया ।

उन्होंने माओवादी हमले को विफल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने निस्वार्थ भारत स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर हम इन सीआरपीएफ कर्मियों के अदम्य चरित्र को याद करते हैं जो साहस, बलिदान और कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उनकी विरासत आने वाले पीढ़ियों को प्रेरित करना जारी रखेगी।

## एक नजर

### सुकमा में आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने किया ध्वजारोहण




**सुकमा, 16 अगस्त।** सुकमा जिले में देश की आजादी का अमृत महोत्सव पर 77 वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। आजादी की 76वीं वर्षगांठ पर सुकमा के मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के आबकारी एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कलेक्टर श्री हरिस. एस और पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण के साथ परेड की सलामी ली। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस की परेड में सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, बस्तर फाईटर, नगर सेनानी, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल सुकमा एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा के बालक एवं बालिका एनसीसी कैडेट्स सहित आईएमएसटी सुकमा और डीएवी की टुकड़ी शामिल रही। परेड की निरीक्षण और सलामी के पश्चात मुख्य अतिथि ने शान्ति और प्रेम के प्रतीक सफेद कपोत और हर्ष व उल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति और स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोक प्रस्तृति भी दी गई। समारोह में मंत्री श्री लखमा ने नक्सल हिंसा में शहीद हुए जिले के जवानों के बलिदान को याद करते हुए उनके परिजनों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसके साथ विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में उत्कृष्ट परेड प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम को सम्मानित किया गया। जिसमें परेड प्रदर्शन सीनियर विंग प्रथम स्थान बस्तर फाईटर, द्वितीय स्थान सीआरपीएफ, तृतीय स्थान जिला पुलिस बल को मिला। परेड प्रदर्शन जुनियर विंग में प्रथम स्थान स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा, द्वितीय स्थान स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा, तृतीय स्थान आईएमएसटी अंग्रेजी माध्यम सुकमा को मिला। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान, शासकीय कन्या पोटाकेबिन हाईस्कूल मुरतोण्डा, द्वितीय स्थान शासकीय कन्या पोटाकेबिन हाईस्कूल सुकमा, तृतीय स्थान शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सुकमा को मिला।

# एनएमडीसी ने मनाया 77वां स्वतंत्रता दिवस



**हैदराबाद, 16 अगस्त।** देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक नवरत्न खनन कंपनी एनएमडीसी ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हैदराबाद स्थित कंपनी के मुख्यालय और इसके सभी परियोजना स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर भारतीय स्वतंत्रता के 76 शानदार वर्षों का जश्न मनाया।एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अमिताभ मुखर्जी ने मुख्यालय के वरिष्ठतम कर्मचारी श्री ज़ैलाबुद्दीन के साथ हैदराबाद में एनएमडीसी कॉरपोरेट कार्यालय में तिरंगा फहराया 7 इस अवसर परएनएमडीसी के निदेशक (उत्पादन) श्री दिलीप कुमार मोहंती;निदेशक (वाणिज्य)श्री विश्वनाथ सुरेश; निदेशक (तकनीकी),श्री विनय कुमार,मुख्य सतर्कता अधिकारीश्री बी विश्वनाथ, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा, ÷यह अभूतपूर्वगर्व और सम्मान की बात है कि एनएमडीसी भारत निर्माण के इन आठ दशकों में से लगभग सात दशकों से राष्ट्र के साथ है। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस की थीम राष्ट्र प्रथम, सदैवप्रथम, 65 वर्षों से हमारी मूल भावना रही है। हमने अपने उत्पादन को अगले पांच वर्षों में 40 मिलियन टन से बढ़ाकर 100 मिलियन टन करनेकाइस्पाती संकल्प लिया है- एक ऐसा दृढ संकल्प जैसा हम पिछले छह दशकों में करते आए हैं। अगले 5 वर्षों में हमारे पूरे इतिहास को मापने की इस यात्रा में, हम अपनी आगामी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की प्राप्ति भी सुनिश्चित करेंगे।एनएमडीसी ने हर घर तिरंगा सप्ताह के दौरान स्कूली बच्चों के लिए मेगा शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया था। शतरंज प्रतियोगिता के विजेताओं और कर्मचारियों तथासहयोगियों के लिए आयोजित आंतरिक खेलों के विजेताओं को आज अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, कार्यात्मक निदेशकगणों, सीवीओ, मिनरल ईव्स क्लब की अध्यक्षाश्रीमती चैताली मुखर्जी; श्रीमती लिपि मोहंती;श्रीमती बबीता कुमारी और श्रीमती बी अरुणा द्वारा सम्मानित किया गया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय में मनाई अटलबिहारी की पुण्यतिथि



**नारायणपुर 16 अगस्त।** आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित वक्ताओ ने कहा स्व. अटलजी सर्वसमावेशी व्यक्तित्व वाले राजनेता थे और उन्होंने अपने व्यवहार से राजनीति में एक उदाहरण प्रस्तुत किया।उन्होंने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि हम उस पार्टी के कार्यकर्ता हैं, जो अटलजी के नेतृत्व में खड़ी हुई है। अटलजी कहते थे छोटे मन से कोई बड़ा नही होता और टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। अटल जी की पुण्यतिथि पर हम सभी कार्यकर्ता उनके विचारों,गुणों को अपने जीवन और अपने व्यवहार मे उतारने का संकल्प ले।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रुपसाय सलाम, भाजपा नेता बृजमोहन देवांगन, रतन दुबे, संजय नंदी,सोनू कोर्राम,संदीप झा,मरण शील,प्रभुनाथ देवांगन, संतोष सुराना, प्रताप मंडावी, संतनाथ उसेंडी, सुदीप झा,जैकी कश्यप,पंकज जैन, गोपाल बघेल,संजय तिवारी, अख्तर अली, हृदय वर्मा, किशोर आर्य, राजेंद्र प्रजापति,सचिन जैन,दिपेन्द्र भोयर, राहुल पटेल, गिरीश जैन, प्रितेश जैन, मो. जावेद सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने जिला कार्यालय में किया ध्वजारोहण

**सुकमा, 16 अगस्त।** कलेक्टर श्री हरिस. एस ने जिला कार्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण किया तथा समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता को आज 76 वर्ष पूरे हुए है, जिसे हम सब आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। जिस प्रकार देश की आजादी के लिए स्वंत्रता सेनानियों के सतत प्रयासों से हमें आजादी मिली उसी प्रकार सुकमा को बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास हम सभी को जारी रखना है, जिससे आने वाले सालों में सुकमा का नाम बेहतर कार्यों के लिए जाना जाए। उन्होंने कहा कि जिले में अपनी छाप छोड़ कर जाएं जिससे यहां के निवासी आपको अच्छे कार्यों के लिए सदैव याद रखे। इसके साथ ही उन्होंने कहा की कार्य में अपनी शत प्रतिशत क्षमता के साथ ही अपने स्वास्थ्य और परिवार को भी समय दे। घर और स्वस्थ ठीक रहेगा तभी आप देश और जिले के विकास में अपना पूरा जोर लगा पायेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर विभाग प्रमुखों तथा अनुभाग के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालय प्रांगण में ध्वाजारोहण किया गया।

# एल्मागुण्डा का अंधेरा दशकों बाद छटा, आजादी के बाद गांव को मिली विद्युत की रोशनी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 16 अगस्त।** दशकों बाद अतिसंवेनशील क्षेत्र ग्राम एल्मागुण्डा में अंधेरों की घटा अब छटने लगा है। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व ग्राम एल्मागुण्डा में शासन-प्रशासन के सहयोग से विद्युतिकरण का कार्य पूर्ण हुआ। दशकों बाद ग्राम में बिजली की रोशनी पाकर वासिदों के चेहरे पर मुस्कान की घटा छायी है। एल्मागुण्डा विकासखण्ड कोंटा में स्थित एक ग्राम है। आजादी के 76 साल बाद ग्राम एल्मागुण्डा में विद्युतिकरण होने से ग्रामीणों के घरों में वर्षो बाद बिजली पहुंची है। गांव में बिजली की रोशनी की जगमगाहट से ग्रामीणों के चेहरे में खुशी का माहौल बना हुआ है। अब ग्रामीणों के बच्चें को पढ़ाई के लिए बेहतर रोशनी मिली है। वहीं ग्रामीणों को बिजली की रोशनी से रात में भी दिन जैसा वातावतरण महसूस करने लगे है। दशकों से अंधेरे में रह रहे ग्रामीणों को ग्राम में रोशनी पहुंचने से ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का आभार व्यक्त किया। सुकमा के ग्रामों में सीआरपीएफ जवानों के कैम्प स्थापित होने से सिर्फ असामाजिक से राहत के साथ ही विकासात्मक कार्य को भी गति मिली है। पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ (ऑप्स) सुकमा श्री अरविंद राय, कलेक्टर श्री हरिस एस. पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण के सतत् प्रयासों से छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण विभाग ग्राम एल्मागुण्डा में 14 अगस्त 2023 को बिजली पहुंचाई है। उल्लेखनीय है कि ग्राम एल्मागुण्डा में असमाजिक तत्वों के हिंसात्मक कृत्यों के कारण बिजली की सुविधा ग्राम में नहीं पहुंच पाई थी। जिससे कारण ग्रामीण अंधकारमय जीवन यापन करने को मजबूर थे। ग्रामवासियों की बैठक लेकर जिला पुलिस ने विकास कार्यो में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ग्राम तोंण्डामरका में छः माह पूर्व नवीन कैम्प स्थापित करने से क्षेत्र के विकास कार्य को गति मिली। जिससे 14 अगस्त 2023 को ग्राम एल्मागुण्डा में बिजली पहुंचाई गई।

## समाचार संक्षेप

### 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के तहत पौधारोपण और शिलापलकम की स्थापना




**सुकमा, 16 अगस्त।** आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह के तहत जिले में ''मेरी माटी मेरा देश'' अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस संबंध जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए निर्धारित तिथि और दिशा-निर्देशों के तहत 9 से 15 अगस्त तक होने वाले कार्यक्रम शुरू हो गया है। इस अवधि में शिलापलकम की स्थापना, पंच प्राण की शपथ एवं सेल्फी लिया जाना है। जिले में शिलापलकम स्थापना का कार्य शुरु हो गया है। शिलापलकम में देश की आजादी के लिए बलिदान हुए प्रत्येक वीरों के नामों की पट्टिका लगाया जायेगा और देश की स्वतंत्रता को बनाये रखने में अपनी शहादत की आहुति दिये जाने वाले जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, देश की रक्षा में जुड़े हुए, जवानों और केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल और राज्य पुलिस बल से जुड़े हुए जवानों जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी है, उनका नाम रहेगा। शिलापलकम के आकार का निर्धारण भारत सरकार द्वारा किया गया है। मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम के तहत गादीरास में पंचप्राण की जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हरीश कवासी ने जन सामान्य को शपथ दिलाई। इसके पश्चात् उपस्थित सभी अतिथियों ने पौधारोपण किया। उन्होंने विकसित भारत का सपना साकार करने, सभी प्रकार के गुलाम मानसिकता का उन्मूलन करने, अपने यशस्वी परम्राओं पर गर्व करने और उन्हें सुरक्षित रखने, देश की एकता एवं अखण्डता पर कार्य करने और देश की हमारे अटूट कर्तव्यों की पुष्टि करनने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं जनपंद के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### कवासी लखमा ने महात्मा गांधी के आर्दशों पर चलने का दिया संदेश

**सुकमा, 16 अगस्त।** कलेक्टर प्रागंण सुकमा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूर्ति का अनावरण मंत्री श्री कवासी लखमा के कर कमलों से हुआ। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों से रूबरू हुए और उन्होंने महात्मा गांधी के आदर्शों, सत्य एवं अहिंसा के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। भारत को सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर आजादी दिलाने वाले महापुरुष को उपस्थित जनों ने इस अवसर पर नमन किया। मूर्ति अनावरण के दौरान नगर पालिका परिषद सुकमा अध्यक्ष श्री जगन्नाथ साहू, जीव जंतु कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ सदस्य श्री करणदेव सिंह, कलेक्टर श्री हरिस. एस, डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल, एसडीएम सुकमा सुश्री प्रीति दुर्गम, डिप्टी कलेक्टर श्री अजय मोड़ियम सहित जनप्रतिनिधिगण एवं जिला प्रशासन के अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित थे।



### अपूर्व उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**राजनांदगांव 18 अगस्त ।** स्वतंत्रता दिवस समारोह जिले में अपूर्व उत्साह एवं गरिमामय पूर्वक मनाया गया। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण, योजना आर्थिक सांख्यिकी एवं संस्कृति विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अमरजीत भगत ने आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महंत राजा बलराम दास शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय मैदान राजनांदगांव में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का जनता के नाम संदेश वाचन किया। उन्होंने उल्लास एवं उमंग के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े। मुख्य अतिथि मंत्री श्री भगत ने ध्वजारोहण पश्चात समारोह में परेड का निरीक्षण किया। परेड द्वारा हर्ष फायर किया गया। परेड द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशंसनीय कार्य के लिए सम्मानित किया एवं उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने शहीद जवानों के परिवारजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीआईजी श्री राहुल भगत, कलेक्टर श्री डोमन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा उपस्थित रहे। समारोह में संयुक्त परेड का नेतृत्व परेड कंमाडर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक श्री नवीन कुमार एक्का ने किया। रक्षित निरीक्षक श्री अरविन्द कुमार साहू ने परेड टू-आई-सी का दायित्व निभाया। समारोह में आर्म्स प्लाटून के अंतर्गत परेड में 38वीं बटालियन आईटीबीपी, 8वीं बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल राजनांदगांव, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय पीटीएस राजनांदगांव, जिला पुलिस बल पुरूष, नगर सेना, जिला पुलिस बल महिला, एनसीसी संयुक्त दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव एवं कमला महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया गया।

## पोटाकेबिन का छात्र बनेगा डॉक्टर

# आदिवासी गरीब घर में पैदा हुआ गंगा जिला प्रशासन की मदद से बनेगा डॉक्टर: महेश कुंजाम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 16 अगस्त।** हमारी छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेन्टस् फेडरेशन छात्र गंगा माड़वी को अग्रीम बधाई देते हुए उनकी आगामी पढाई की सफर को शुभकामनाएं और छात्र गंगा की पढाई के लिए आर्थिक मदद के लिए सुनते ही छात्र की तकलीफ के साथ कडे हुए कलेक्टर साहब श्रीमान हरीश एस. सुकमा को हमारी संगठन अनन्त आभार व्यक्त करता है। हम सभी को बहुत ही खुशी का विषय है,कि हमारे बच्चे शिक्षा ग्रहण कर अपनी अपनी लक्ष्य पुरा कर पा रहे है। मुझे खुशी है कि इन बच्चो का साथ देने का नसीब मिला मुझे गर्व हो रहा है कि हमेशा हमारे भाई - बहन इस तरह का साथ के लिए मौका दे आशा करता हुं। मुझे दुसरा मौका मिला है इससे पूर्व भी नक्सलगण माने जाने वाला गांव का छात्र हरीश पोडियाम ग्राम बडेकेड़वाल का रहने वाला एबीबीएस करने के लिए मदद की लिए मुझे मौका दिया था तब भी मैने जिला प्रशासन से मदद करवा कर एबीबीएस करवाने गुहार लगाई थी, तत्कालीन कलेक्टर साहब श्रीमान जयप्रकाश मौर्य के व्दारा पुरी पढाई की मदद की थी , आज छात्र एबीबीएस क्लियर कर इन्टरसीफ कर रहा है उसी कालेज मे, इसी तरह हमारे हर भाई बहन अन्य फिल्ड के लिए ऊँची लक्ष्य रखे पढाई मे कोई गरीबी नही होता हम पढाई मे अच्छा प्रदर्शन करेगे तो रास्ते बहुत है।दुनिया कडा है हमारे ही मदद के लिए। बस आपकी पढाई मे लगन होना चाहिए। छात्र गंगा माड़वी एक गरीब परिवार से है उनके माता पिता खेती करते है, उनके पिता हड़मा माड़वी ने कहा है कि खेती के अलावा और कोई दुसरा आय का स्त्रोत नही है जीवन गुजारा केवल केती से होता है । छात्र गंगा माड़वी का स्थाई निवासी ग्राम पंचायत कोर्रा के माडियारास का है उनकी प्राराम्भिक पढाई पोटाकेबिन आश्रम मुनगा कोर्रा मे 1से 5 वी तक पढाई की यह से जवाहर नवोदय विधालय मे चयनित होकर 6 वी से 12 वी तक पढाई की उसके पश्चात वहा से नीट कोचिंग के लिए एक मात्र छात्र गंगा चयनित होकर नवोदय की मदद से पुर्णे पढाई के लिए गया। आज गर्व कि बात है एक छोटा सा जिले से निकलकर एमबीबीएस के लिए नीट परीक्षा मे ऑल इंडिया कोटे से चयनित होकर प जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज रायपुर मे हुआ।

**हर छात्र-युवाओं से अपील-** हमारी पढ़ाई पुरा हुआ हम कुछ बन नही पाये तो क्या हुआ आने वाले हमारे छोटे भाई बहन पढाई कर रहे है उन बच्चो को पढाई के लिए प्रेरित करो, उनको लक्ष्य बताओ उनकी परेशानियों के खिलाफ कडे रहो,हर वक्त साथ रहो हयारे भाई बहनो का पढाई क्षेत्र मे हौसला दो , हमे मालूम है हमारे पास कुछ नही है, हम नौकरी नही करते है हमारी भी आर्थिक स्थिति ठीक नही है, पर हमारे पास मे जो जब हम पढ रहे थे उस वक्त जो हमारे गुरूओ ने जो धन दिया जो कोई चुरा नही सकता उन बच्चो के लिए उपयोग कर मदद कर सकते है।

## एक नज़र

### अग्रवाल सभा ने फहराया तिरंगा



**पत्थलगांव, 16 अगस्त।** यहां की अग्रवाल सभा ने भी देश की आजादी का पर्व मनाने मे कोई कसर नही छोडी। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल नौ अग्रसेन भवन के सामने तिरंगा फहराकर उसे सलामी दी। राष्ट्रगान की प्रस्तुति देकर तिरंगे को सम्मान दिया गया। अग्रवाल सभा के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारीयों ने आजादी के पर्व पर अपने विचार रखे। मिष्ठान एवं जलपान के साथ एक साथ बैठकर देश को आजाद करने वाले शहीदो के संबंध मे चर्चा परिचर्चा की गयी। अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल का कहना था कि 200 साल से भी अधिक तक गुलामी की बेडियों से आजाद कराने वाले शहीद वीर सैनानियों को आज के दिन याद करना सच्ची श्रद्धांजलि देने के सामान है।

### प्रेस क्लब ने सेवा सदन के सामने फहराया तिरंगा



**पत्थलगांव, 16 अगस्त।** प्रेस क्लब ने सेवा सदन के सामने तिरंगा फहराकर देश की आजादी का जश्न धूमधाम से मनाया। प्रेस क्लब के दर्जनो सदस्यों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराने की सुबह से ही तैयारियां कर रखी थी,निश्चित समय पर प्रेस क्लब के सदस्य सेवा सदन के समक्ष एकत्रित हुये। अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने ध्वजारोहण कर सलामी दी। सदस्यो ने मिष्ठान बांटकर आजादी की खुशी मनायी। प्रेस क्लब के सरंक्षक वेदप्रकाश मिश्रा ने कहा कि आज का दिन हमे गुलामी की जंजीरो से बाहर निकालने की याद ताजा करता है,हमे गर्व है कि हम आजाद भारत मे जन्म लिये थे,जिसका श्रेय देश को आजाद करने वाले शहीदो को जाता है। आज के दिन हम आजादी का जश्न के साथ-साथ शहीद हुये वीरो को भी यादकर उन्हे अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

### उप डाकघर कोंडागांव में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव



**कोंडागांव।** देश की आजादी को 76 वर्ष पूरे होने पर 15 अगस्त को पूरे देश भर में स्वतंत्रता दिवस मनाया जा रहा है इसी कड़ी में उप डाकघर कोंडागांव में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उप संभागीय निरीक्षक श्री आर एस मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात उपडकपाल श्री शत्रुघन निषाद ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार आज हम सब स्वतंत्र है उसी प्रकार स्वतंत्र होकर अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए विभाग द्वारा दिये गए दायित्वों का निर्वहन करे हर घर तिरंगा अभियान के तहत दूरस्थ क्षेत्रो में झंडा उपलब्ध कराने वाले समस्त ग्रामीण डाक सेवको की प्रशंसा की गई। इस मौके पर उप संभागीय निरीक्षक सीरेंद्र देवांगन, प्रीतम गुप्ता आईपीपीबी मैनेजर, सतेंद्र साव, दयाराम ध्रुव, चेतमन मरकाम, संदीप राव, अनिल दीवान, नईम खान, राधे मोहन नाग, डिकेश मिर्झा, संयत नेताम, सूर्य प्रसाद दीवान, रामलाल पटेल, बालमुकुंद बंजारे, योगेंद्र जांगड़े, पीयूष सिन्हा, गीतेश्वर राव, पुरुषोत्तम, नितेश देहारी, भूपेंद्र महिलांगे,अजय सोडी, संतोष साहू, निशा यादव, अंजलि बर्मन, अनीशा, गोपीका साहू, मुस्कान, निशा राय सहित समस्त डाक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा में है परिवारवादः चावला

**रायपुर,16 अगस्त।** नहरपारा विकास समिति के उपाध्यक्ष कुलदीप चावला ने स्वतंत्रता दिवस



पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी ने उनका घमंड बोल रहा है। लोकतंत्र में इस बड़ा मजाक दूसरा नहीं हो सकता है। जब लंक पति रावण का घमंड नहीं रहा तो मोदी का कहां रहेगा। ज्ञात हो कि मोदी ने अपने भाषण में कहा था कि वे सन् 2024 में लालकिला की प्राचीर से पुनः झंडा फहराएंगे। चावला ने कहा है कि अभी न तो सन् 2024 आया है और न ही लोकसभा चुनाव हुए हैं। लिहाजा मोदी फिर से सांसद चुने नहीं गए हैं फिर कैसे 2024 में प्रधानमंत्री के रूप में तिरंगा फहराने का सपना देख रहे हैं। दरअसल मोदी खुद को अहम ब्रम्हारिम कहने लगे हैं। उनका गुरूर देश की जनता ही तो देगी। चावला ने कहा है कि मोदी परिवारवाद भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ाई की बात करते हैं जबकि भाजपा में ही परिवारवाद है। राजमाता ने नाती तथा वसुंधरा राजे सिंधिया के भतीजे ज्योतिरादित्य केंद्र में मंत्री हैं। रमन सिंह व कल्याण सिंह के पुत्र राजनीति में हैं। कर्नाटक में पूर्व विधायक मदल विरूप छप्पा से छः करोड़ रुपए बरामद हुए हैं। भ्रष्टाचार के कारण कर्नाटक में भाजपा हारी है। तुष्टिकरण का उदाहरण भाजपा ने महाराष्ट्र में पेश किया है। गोवा में भी कांग्रेस विधायकों को तोड़कर सरकार बनाई गई।

वर्षों बाद रावणभाठा मार्ग को मिली अंधेरे से मुक्ति, अब जगमगाने लगी सड़क

# पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नगर को किया दूधिया लाईट से रौशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 16 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले सोमवार रात नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने नगर को दूधिया रोशनी से जगमगा दिया। सोमवार को उन्होने कलेक्टोरेट मार्ग ओर छुरा मार्ग में लगाए गए नए स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ किया। इससे ये दोनो मार्ग अब दूधिया रोशनी से जगमगाने लगे। जानकारी के मुताबिक कलेक्टोरेट मार्ग मे 80 स्ट्रीट लाइट तथा छुरा मार्ग में 15 बड़े स्ट्रीट लाइट लगाए गए है। नई स्ट्रीट लाइट लगने से नगर में वर्षो से अंधेरा रहने वाला कलेक्टोरेट मार्ग अब दूधिया रोशनी से जगमगाने लगा। वही छुरा मार्ग में भी दूधिया रोशनी लगने से मार्ग की चमक बढ़ गई है। ज्ञात हो कि वर्षो से यहां स्ट्रीट लगाने की मांग की जा रही थी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन, वंश गोपाल सिन्हा, विष्णु मरकाम, पार्षद संदीप सरकार, सीएमओ आशीष तिवारी, एल्डरमैन मुकेश रामटेके, बाबा सोनी, इंजी अश्वनी वर्मा, केशनाथ साहू, लेखापाल दुष्यंत साहू, सपना मिश्रा, भूपेंद्र कश्यप, रितेश गुप्ता, अजय ध्रुव सहित सभी पालिका स्टाफ उपस्थित था।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फु मेमन ने कहा कि शाम होते ही अंधेरे के साए में सिमटने वाले कलेक्टोरेट सड़क अब रोजाना दूधिया रोशनी से जगमगाएगी। करीब दो किमी की इस सड़क पर 80 आकर्षक स्ट्रीट लाइटें लगाई गई है। जिससे अब इस मार्ग को वर्षो के अंधेरे से मुक्ति मिलेगी। मालूम को कि पहले इस मार्ग में सिविल लाइन से लेकर कलेक्टोरेट तक एक भी स्ट्रीट लाइट नही थी।उल्लेखनीय है कि नगर के तिरंगा चौक से कलेक्टोरेट मार्ग में वर्षो से स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग जा रही थी। कलेक्टोरेट ओर नेशनल हाईवे होने के चलते 24 घंटे इस व्यस्तम मार्ग में सिविल लाइन से कलेक्टोरेट तक एक भी स्ट्रीट लाइट नही थी। जो नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फु मेमन के प्रयास से पूरी हुई। स्ट्रीट लाइट लगने से अब राहगीरों को रात में इस सड़क में आने जाने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

# प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने 10 परिवारों के पांव धोकर करवाई घर वापसी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 16 अगस्त।** हिंदू कुल तिलक घरवापसी के प्रणेता कुमार दिलीप सिंह जूदेव की पुण्यतिथि के अवसर पर गोरिया कुनकुरी मे नवनिर्मित कुमार दिलीप सिंह जूदेव की आदम कद प्रतिमा के अनावरण के पश्चात प्रतिमा के समक्ष उनके पुत्र कुमार प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने धर्मांतरित हुए 10 परिवार के पांव धोकर उन्हें सनातन धर्म में पुनः शामिल कर अपने स्वर्गीय पिता को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने मूर्ति का अनावरण किया,इस दौरान यहा पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णु देव साय,सांसद गोमती साय भी इस कार्यक्रम मे उपस्थित हुयी थी। उनके अलावा क्षेत्र के विभिन्न हिंदू संगठन,कार्यकर्ता एवं दिलीप सिंह जूदेव के सैकडो समर्थक इस कार्यक्रम मे उपस्थित थे। विशेष सहयोग के रूप मे सहयोगी कार्यकर्ता गुरू राजेश भगत,गुरु तेज राम भगत, निरंजन भगत, मुकेश भगत भी रहे। जशपुर कुमार प्रबल प्रताप ने कार्यक्रम उपरांत कहा कि जिस प्रकार धर्मांतरण की गतिविधियां बढ़ती जा रही है,इस जनजातीय क्षेत्र में यह आवश्यक है सभी हिंदू मिलकर के राष्ट्र विरोधी ताकतों से लड़े। क्षेत्र मे जिस प्रकार धर्मांतरण, गौ तस्करी, लव जेहाद, भूमि जेहाद, जनजातियों के आस्था के प्राचीन सनातन मूर्तियां चोरी हो रहीं है इससे साफ है कि हमारे सनातन संस्कृति को नष्ट करने का निरंतर बड़ा षड्यंत्र चल रहा है। अगर हम सभी एकजुट नहीं हुए उनके विरुद्ध तो यह क्षेत्र में भी मेवात एवं पूर्वोत्तर भारत जैसी स्तिथि निर्मित हो जायेगी,जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा।।

संगठित हिन्दू ही मजबूत भारत का निर्माण करेगा-:जशपुर कुमार प्रबल प्रताप जूदेव ने कहा कि कुमार दिलीप सिंह जूदेव एवं उनके साथ उस समय के जांबाज कार्यकर्ताओं ने मिलकर अपने त्याग, तपस्या एवं बलिदान से पूरे छत्तीसगढ़ को मजबूत एवं सुदृढ़ रखा था,अब यह हमारा दायित्व है कि उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर हम भी अगली बार छत्तीसगढ़ मे राम राज्य को स्थापित करे। कार्यक्रम के दौरान आचार्य राकेश,कपिल शास्त्री ,लिंगराज जैसे अन्य सभी समर्पित सनातनी पहरुओं को साधुवाद देते हुए प्रबल ने कहा सभी के सहयोग एवं सजगता को प्रमाण करता हूं जिन्होंने सतत संपर्क बनाकर सनातनियों को जगाने का कार्य कर रहे है।।



### भेडीकला में हर्षोल्लास से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत भेड़ीकला मे स्वतंत्रता दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया है। सरपंच कृष्णा साहू द्वारा ग्राम पंचायत में ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात ग्रामवासी को मिठाईयां खिलाई गई। स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने आनंद एवं खुशहाल से स्वतंत्रता दिवस को मनाया गया । इस कार्यक्रम में उपसरपंच अजीत राम देवांगन, पंच जितेंद्र देवांगन ,वेदराम साहू ,सुकालू राम साहू, शेषनारायण देवांगन, सुरेंद्र निषाद, योगराज साहू, खिलेश्वरी साहू, मनीष साहू, हिना देवांगन, चंपा साहू ,कुमारी कालेश्वरी यादव लक्ष्मी यादव ,रजनी देवांगन, भानमती बघेल, मीरा साहू शाहिद सहित ग्राम वासियों की उपस्थिति में यह स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी में फहराया तिरंगा



**अंवरी,16 अगस्त।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी मैं स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर बड़े संख्या में गणमान्य नागरिक गन उपस्थित रहे विद्यालय प्रांगण में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति पालक समिति एवं गणमान्य नागरिक तथा बड़े संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित हुए प्रातः 7~30 को ध्वज वंदन पश्चात शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष दशरथ लाल साहू के कर कमलों से ध्वजारोहण संपन्न हुआ विद्यालय प्रांगण जयकारों से गूंज उठा तत्पश्चात राष्ट्रगान गाया गया एवं प्रभात फेरी निकाली गई प्रभात फेरी के पश्चात विद्यालय प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें विद्यार्थियों द्वारा गीत भाषण एवं कविता प्रस्तुत किए गए बोर्ड परीक्षा में 90त्न से अधिक प्राप्त करने पर युगल किशोर पिता रामनारायण को विद्यालय एवं विकास समिति की ओर से ?5000 प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया एवं विद्यार्थियों को इससे प्रेरित होकर टॉप टेन में जगह बनाने की अपेक्षा की गई विद्यालय के पदोन्नत शिक्षक प्रदीप साहू को विद्यालय परिवार की ओर से विदाई प्रदान किया गया कार्यक्रम में दशरथ साहू , कमलेश कुमार साहू , राजेंद्र साहू , नरोत्तम सिंह ठाकुर , भानु राम साहू , द्विज राम चक्रधारी , जगतपाल साहू , पवन कुमार ध्रुवएवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य श्री एस के साहू ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**अंवरी,16 अगस्त।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भखारा द्वारा आज 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तपस्या भवन में सभी ब्रह्माकुमारी के भाई बहनों द्वारा ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान गाकर अमर शहीदों को याद किया गया ।आजादी के अमृत महोत्सव के तहत (हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा) के उपलक्ष्य में आज आजादी के 76 वर्ष गाढ़ और 77 स्वतंत्रता दिवस मनाया गया जिसमें ब्रह्माकुमारी करुणा बहन ने कहा 15 अगस्त भारत के लिए एक बहुत ही खास दिन है जब भारत अपनी आजादी का जश्न मनाता है जोकि बहुत से प्रयासों और दृढ़ संकल्प के साथ साथ शांति ,देश के प्रति प्रेम और आंतरिक स्वच्छता और सच्चाई की शक्तियों के मदद से हासिल की गई थी।। भारत के लिए परमात्मा का सबसे सुंदर योजना है कि भारत का प्रत्येक नागरिक परमात्मा गुणों और शक्तियों से भरपूर हो आज हम सभी कई तरह की बुराइयों और कमजोरी के आदि बन चुके हैं लेकिन परमात्मा चाहते हैं कि देश की स्वतंत्रता के साथ आत्मा भी हर बुराइयों से स्वतंत्र हो और शांति शक्ति आनंद का अनुभव करें और तभी इस भारत भूमि पर राम राज्य स्वर्णिम दुनिया की स्थापना हो पाएगी7 जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# आजादी के जश्न के बीच कानून व्यवस्था का उड़ता रहा मजाक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**पत्थलगांव, 16 अगस्त।** देश की आजादी का महापर्व शहर मे मंगलवार की सुबह धूमधाम से मनाया जा रहा था। शासकीय विभागो मे प्रमुख अधिकारीयों द्वारा ध्वजारोहण कर मिठाईयां बाटी जा रही थी,उधर स्कूलो मे भी देश भक्ति के गीत पूरे जज्बे के साथ सुने जा सकते थे। निश्चित समय पर स्कूली बच्चो ने एक से बढकर एक गणवेश धारण कर रैली स्वरूप मार्च पास्ट निकाला,जिसे पूरा शहर देखने के लिए उमड पडा था। लिहाजा इस दौरान प्रशासनिक अमले के कंधो पर कानून व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी अधिक होनी थी,परंतु शहर मे ऐसा नही हुआ। एक तरफ जब पूरा शहर आजादी के जश्न मे डूबा हुआ था,उस दौरान शहर के भितर कानून व्यवस्था का खुलकर मजाक उडता रहा। नाबालिक से लेकर युवक युवतीयों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के दिन कानून व्यवस्था का मजाक उडाने मे कोई कसर नही छोडी गयी। सुबह से ही स्कूली बच्चो की रैली के दौरान स्टाईलिस बाईको मे मनचले युवको द्वारा फर्राटे से वाहन दौडाते रहे। स्कूली छात्राओ को देखकर इन मनचलो द्वारा छिंटाकसी की जाती रही,यहा तक की एक नाबालिक ने रैली देख रहे शहर के एक वरिष्ठ नागरिक को अपनी दुपहिया वाहन से जोर की ठोकर मार दी,जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट आयी। वही उनके हाथ का कंधा फैक्कर हो गया,जिसके कारण उन्हे उचित ईलाज के लिए दूसरे शहर के हॉस्पिटल मे रिफर करना पड गया। आज शहर के हालात बेहद खराब थे,स्टाईलिस बाईक सवार युवको ने खुलकर कानून व्यवस्था का मजाक बनाकर रख दिया। इन्हे समझाईश देने या कार्यवाही करने के लिए शहर के चौक चौराहे हो या व्यस्त मार्ग कही भी पुलिस ने अपने जवानो की तैनातगी नही की थी,जिसके कारण कानून व्यवस्था बिगाडने वाले युवको के हौंसले सांतवे आसमान मे थे,यहा तक की जब मुख्य सडको का भ्रमण करने स्कूली बच्चे वंदे मातरम के नारे लगा रहे थे,ठीक उसी दौरान स्कूल के शिक्षको के बीच बिगडती कानून व्यवस्था को लेकर सडक पर चल रहे बच्चो की सुरक्षा को लेकर चिंता देखी जा रही थी।।

**बाल उद्यान मे चला दिन भर हुडदंग-**:रेस्ट हाउस के करीब नगर पंचायत द्वारा बनाया गया बाल उद्यान मे आजादी का त्यौहार के रोज मनचले युवको द्वारा दिनभर हुडदंग मचाया गया। निश्चित समय पर बाल उद्यान के गेट पर ताला लगने के बाद भी मनचले युवक सौ से डेढ सौ की तादाद मे बाल उद्यान की दीवार फांदकर अंदर मे धमाल चौकडी करते नजर आये,जिसके कारण आस-पास के मोहल्लेवासियों को भी काफी परेशानी उठानी पडी। इस दौरान मौहल्ले वासियों ने नगर पंचायत के साथ-साथ कानून व्यवस्था बनाने की डींग हांकने वाले प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ भी नाराजगी जाहिर की।।

**स्टाईलिस बाईक का आतंक-**:मनचले युवको द्वारा इन दिनो स्टाईलिस बाईको को फर्राटे से दौडाकर आम नागरिको के नाक मे दम कर रखा है,इन युवको द्वारा नामचिन कंपनीयों की दुपहिया वाहनो मे छेडखानी कर उसका स्वरूप बदल कर दौडाया जा रहा है,जिसके कारण साधारण बाईक भी स्टाईलिस दिखकर उसमे से तेज ध्वनि निकाली जा रही है। ऐसी बाईको को चलाने वाले अधिकांश चालक नाबालिक है,परंतु उसके बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा फर्राटे से दौड़ रही वाहन हो या उसे चलाने वाले नौसिखिये चालकों पर कोई कार्यवाही नही की जा रही है।।

## समाचार संक्षेप

### 229 वीं बटालियन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह



**बीजापुर, 16 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मगंलवार के दिन छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बीजापुर में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229 बटालियन में स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ को बड़े ही हर्ष एवं उल्लास से मनाया गया ।इस अवसर पर बटालियन के श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमाण्डेंट 229 के साथ-साथ एवं अन्य अधिकारी, सभी अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित हुए । कमाण्डेंट 229 बटालियन द्वारा उपस्थित सभी अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों को संबोधित किया गया जिसके अंतर्गत उन्होने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्ष गांठ की शुभकामनाए दी । अपने संबोधन में श्री पुष्पेंद्र कुमार, कमाण्डेंट 229 द्वारा इस देश में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की महत्ता एवं आजादी के बाद के रोल को बताते हुए कहा गया कि आज देश में कई विपरीत परिस्थितियों में भी यह बल अपने संवैधानिक दायित्वों को निभाने के लिए सक्षम है। इसके साथ ही इस बल ने मुशिकल से मुशिकल समय में अपने दायित्वों का निर्वहन सफलता पूर्वक किया है । इस अवसर पर बल के सभी शहीद जवानों को भी याद किया गया। जिन कार्मिकों ने इस वर्ष के दौरान उपलब्धियां हासिल की एवं मैडल प्राप्त किए गए उनके भी नाम कमाण्डेंट 229 बटालियन द्वारा उपस्थित सभी लोगों को बताया एवं अपनी ड्यूटी का निर्वहन अनुशासित तौर पर करने हेतु प्रेरित किया। अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जवानों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई जिसके साथ इस कार्यक्रम का समापन किया गया ।

### बीजापुर के नवीन सुरक्षा कैम्पों में सुरक्षा बल ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों ने किया ध्वजारोहण



**बीजापुर, 16 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला बीजापुर के अंदरूनी सुरक्षा कैम्पों में ग्रामीणों व स्कूली बच्चों ने सुरक्षा बल के जवानों के साथ मिलकर मनाया राष्ट्रीय पर्व ।आजादी के इस अमृत महोत्सव में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों ने एक साथ मंच साझा कर राष्ट्रीय कार्यक्रम मेरा देश, मेरी माटी कार्यक्रम मे हिस्सा लिया और अमर शहीद जवानों को स्मरण किया ।

मिष्ठान वितरण एवं सहभोज :- सभी थाना- कैम्पों में ग्रामीणों के साथ सुरक्षा बलों ने सहभोज किया । विशेषकर नवीन कैम्पों में सिलगेर, चिन्नागेलुर, तिमेनार, एटेपाल, हिरोली में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों को बून्दी एवं अन्य मिष्ठानों का वितरण किया गया ।

तिरंगा यात्रा:- नम्बी-उसूर, चिन्नागेलुर क्षेत्र में आजादी के अमृत महोत्सव पर सुरक्षा बलों के साथ ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया । सुरक्षा कैम्प सिलगेर, चिन्नागेलुर, पुसनार, हिरोली में हर घर तिरंगा अभियान के तहत् ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों को तिरंगा भेंट कर देश की एकता एवं अखण्डता के लिये एकजुट होकर राष्ट्रीय पर्व मनाने की अपील की गई ।

डिस्ट्रिक्ट स्ट्राईक फोर्स :- डिस्ट्रिक्ट स्ट्राईक फोर्स में चयनित सभी सहायक आरक्षकों को इस अवसर पर मिठाई खिलाकर बधाई दी गई ।

### गरिमामय ढंग से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**बीजापुर, 16 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के 76वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय बीजापुर के मिनी स्टैडियम में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व स्थानीय विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी द्वारा प्रातः 9.00 बजे ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर सीआरपीएफ, जिला पुलिस बलए छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, नगर सेना, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाईड के 10 प्लाटून द्वारा गार्ड आफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रगान का गायन किया गया। इसके पश्चात् परेड द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई। बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व विधायक श्री विक्रम मंडावी द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। इसके साथ ही हर्ष के प्रतीक रंग.बिरंगे गुब्बारे एवं शांति और प्रेम के प्रतीक कबूतर आसमान में छोड़े गये ।मुख्य समारोह के दौरान नक्सली उन्मूलन अभियान में शहीद हुए जवानों के परिजनों को मुख्य अतिथि द्वारा शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। परेड सीनियर 06 दलों ने भाग लिया जिसमें बस्तर फाईटर प्रथम स्थान, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वितीय स्थान और जिला पुलिस बल महिला तृतीय स्थान एवं परेड जुनियर वर्ग में एनएसएस प्रथम स्थान, एनसीसी आत्मानंद हिन्दी द्वितीय स्थान और गाईड आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल तृतीय स्थान पर रही। सास्कृतिक कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बीजापुर प्रथम स्थान, कन्या शिक्षा परिसर बीजापुर द्वितीय स्थान और एकलव्य विद्यालय बीजापुर तृतीय स्थान हासिल की। सास्कृतिक कार्यक्रम में विशेष कार्यक्रम दिव्यांग बच्चे द्वारा अपनी शानदार प्रस्तुति दी। उन्हे विशेष पुरूस्कार मिला। मुख्य समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुडियम,नगर पालिका अध्यक्ष श्री बेनहूर रावतिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी पंचायत पदाधिकारी और डीआईजी सीआरपीएफ श्री सुशील कुमार मिश्रा कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेयए सीईओ जिला पंचायत श्री रवि साहू एसडीएम बीजापुर श्री पवन कुमार प्रेमीए तथा जिला प्रशासन के अधिकारी.कर्मचारी मीडिया प्रतिनिधी तथा गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## एक नजर

### विधायक शर्मा ने किया प्रेस क्लब भवन के जीर्णोद्धार के लिए पूजा



भाटापारा, 16 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राष्टीय पर्व 15 अगस्त के अवसर स्थानीय प्रेस क्लब मे विधायक शिवरतन शर्मा प्रेस क्लब भवन के जीर्णोधार के लिये नारियल फोडकर पूजा अर्चना किये उक्त अवसर पर प्रेस क्लब के पत्रकार सदस्य उपस्थित रहे ज्ञात हो की प्रेस क्लब भवन काफी समय से जीर्ण होने से जीर्णोद्धार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी जिसके लिये प्रेस क्लब के सदस्यों ने विधायक जीर्णोद्धार की मांग रखी जिसे विधायक शिवरतन शर्मा ने सहर्ष स्वीकार करते हुये उक्त मांग को पूरी करते हुये आज 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के पावन अवसर पर इस कार्य को कराये जाने की शुरुआत किया वही आने वाले दिनों मे इस कार्य के पूरा हो जाने के बाद प्रेस क्लब का भवन नया और सुसज्जित हो जाये इसके लिये आगे भी प्रयास किये जाते रहने का भी आश्वासन उपस्थित पत्रकारों को दिये।

### गोविंद चौक में जीवनमल ने किया झंडात्तोलन



भाटापारा, 16 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। हृदय स्थल गोविंद चौक में अंचल के सुप्रसिद्ध डॉक्टर किरण जीवनमल के द्वारा झंडा उत्तोलन किया गया इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता छाया विधायक सुनील माहेश्वरी शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल निगम निगम मंडल के सदस्य सतीश अग्रवाल आयोग के सदस्य गणेश सिंह ध्रुव ईश्वर सिंह ठाकुर राजकुमार शर्मा प्रशांत गांधी वसंत भृगु मोहन केसरवानी नपा उपाध्यक्ष त्रिलोक सिंह सलूजा एवं पार्षद गण वरिष्ठ कांग्रेसी आदि मौजूद रहे जय हिंद जय भारत जय छत्तीसगढ़

### रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारियों ने किया रक्तदान



भाटापारा, 16 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। रेलवे सुरक्षा बल, स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर रायपुर मंडल के द्वारा 15 अगस्त को इंडियन रेड क्रास सोसायटी ब्लड सेन्टर तत्वाधान में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रायपुर के कैम्पस में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रायपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल तथा रेलवे के अन्य कर्मचारियो के द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कुल 19 बल सदस्यों तथा रेलवे कर्मचारियों के द्वारा रक्तदान कर सराहनीय कार्य किया गया।

### संसदीय सचिव एवं विधायक चंद्रदेव राय ने बलौदाबाजार में फहराया तिरंगा

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के परिजनों का सम्मान

## बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 59 अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 अगस्त।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस समारोह जिले में अत्यंत हर्ष एवं उल्लास भरे वातावरण में मनाया गया। स्थानीय पंडित चक्रपाणि हाईस्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में संसदीय सचिव एवं विधायक बिलाईगढ़ चंद्रदेव राय ने तिरंगा फहराया। उन्होंने मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन करते हुए राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियां एवं भावी कार्य-योजनाओं की जानकारी दी। श्री राय ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों का कुशलक्षेम पूछते हुये शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि श्री राय ने शासकीय योजनाओं में बेहतरीन कार्यों के लिए तीन दर्जन शासकीय कर्मियों का भी जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित कर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार शर्मा, कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, जीव जन्तु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन वर्मा, जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर सहित कलेक्टर चंदन कुमार, एसपी दीपक झा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। पंडित चक्रपाणि हाईस्कूल मैदान में जिला स्तरीय समारोह सवेरे 9 बजे मुख्य अतिथि श्री राय द्वारा झण्डा फहराने के साथ शुरू हुआ। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जो कि प्रदर्शन प्रमुख आकर्षण का



केन्द्र रहा। जिला पुलिस बल की दो टुकड़िया, जिला महिला पुलिस बल एवं नगर सेना, एनसीसी की दो टुकड़ियों, स्काउट गाइड एवं रेडक्रॉस की एक-एक टुकड़ियां ने झण्डे एवं अतिथि को शानदार सलामी दी। परेड का नेतृत्व डीएसपी सुश्री सुशान्ता लकड़ा ने किया। समारोह में हर्ष और उल्लास के प्रतीक के रूप में रंगीन गुब्बारे आसमान में उड़ाये गये।

राय ने जिलें के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन लक्ष्मी ठाकुर, सावित्री सोनी, वीर शहीद उपनिरीक्षक विवेक शुक्ला, युगल किशोर वर्मा, ट्रेड आर नंदकुमार साहू, आर हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे, हीरा लाल गायकवाड़, संतराम साहू, धनंजय वर्मा, संतोष ध्रुव, मिथिलेश कुमार, टेकराम वर्मा के परिजनों का श्रीफल एवं साल से सम्मान कर उनका हाल चाल जाना। इसके साथ ही श्री राय ने मुख्य मंच से करीब 59 अधिकारी-कर्मचारियों को उनके बेहतर सेवा के लिए जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। इनमें सहायक जिला कोषालय अधिकारी सुश्री नीलिमा भोई, सहायक ग्रेड-2 पवन कुमार मांझी, जनसम्पर्क विभाग भृत्य राजू सिन्हा, जल संसाधन विभाग ईई अनिल चन्द्राही, सहायक अमीन धनेश्वर प्रसाद निर्मलकर, चौकीदार चैतुराम साहू, महिला बाल विकास विभाग तुकेश्वर जगत, सुपरवाइजर सावित्री शर्मा, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण चिकित्सा सहायक केशव प्रसाद पैकरा, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सहायक ग्रेड-2 अंजू ध्रुव, मछली पालन विभाग सहायक मतस्य अधिकारी बी.पी. शर्मा, समाज कल्याण विभाग उप संचालक अरविंद गेड़ाम, छत्तीगसढ़ सड़क विकास परियोजना प्रमोद कुमार खरया, निर्वाचन शाखा डाटा एण्ट्री ऑपरेटर नरोत्तम जायसवाल, क्रेडा सब इंजीनियर करन सोनी, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग हरबंश कोसले, श्रम विभाग विरेन्द्र कुमार ठाकुर, राजस्व विभाग श्रीमती उषा बांधे, अजय कुमार निषाद, संजय निर्मलकर, चौकीदार भोलाराम यादव, भृत्य विनय महार, सहायक ग्रेड-3 शिव कुमार सोनी, पटवारी टीकाराम यादव, वाहन चालक आत्माराम लेडवानी, जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार एवं नर्सिंग ऑसिर आरती एक्का, कृषि विभाग आरईओ प्रवीण कुमार रामटेके, नवीन मेश्राम, प्रधानमंत्री सड़क योजना ग्रामीण लेखा अधिकारी उत्तम कुमार तुरकाने, जिला पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग दुर्गा चरण डड़सेना, उद्यानिकी विभाग धर्म सिंह तोमर, कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा दीपमाला लकड़ा, आयुष विभाग डॉ. संदीप राम, पशु चिकित्सा विभाग बजरंग देवांगन, शिक्षा विभाग छात्र दुर्गेश सिंह राठौर, सुश्री तेजश्विनी राठौर, शिक्षक सीमा मिश्रा, कौशिकमुनी त्रिपाठी, मनोज जाटवर, वन विभाग वन रक्षक रमशु लाल नेताम, सुरक्षा श्रमिक राकेश लाल ध्रुव, आबकारी विभाग उप निरीक्षक जलेश सिंह, पुलिस विभाग एसडीओपी सुभाष दास, सायबर सेल, निरीक्षक कैलाश चंद्र दास, मंजूलता राठौर, सहायक उप निरीक्षक विजय केससिया, आरक्षक सुजित तंबोली, पौलस्त्य प्रकाश वर्मा, गणेश प्रसाद साहू चितानंद श्रीवास, प्रधान आरक्षक मोहित ठाकुर, महिला प्रधान सुमित्रा जाटवर, महिला आरक्षक फूलटोरी कुर्रे, पुरूषोत्तम बंजारे, सखी वन स्टॉफ सेंटर शामिल है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिला प्रशासन की ओर से प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग से 25 हजार का पुरस्कार अध्यक्ष गौठान प्रबंधन समिति ग्राम हरिनभट्ठा को प्रदान किया गया। इसी तरह आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सेक्रेड हाई स्कूल को प्रथम, पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी द्वितीय एवं गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल तीसरे स्थान पर रहा।

### संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण



स्वतंत्रता दिवस की 77 वें वर्षगाँठ पर आज सुबह 8 बजें सँयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर चंदन कुमार ने झंडा फहराया साथ ही परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं सँविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर, शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दिए। इस दौरान जिला कार्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों से कुशलक्षेम पूछते हुए सभी से रूबरू भी हुए। कार्यक्रम के दौरान सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर बी.सी.एक्का, एसडीएम बलौदाबाजार रोमा श्रीवास्तव, सँयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंण्डे, अनुपम तिवारी, डिप्टी कलेक्टर रामरतन दुबे, अरुण सोनकर, नितिन तिवारी, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## श्रम विभाग में अधिकारी-एजेंट की मिलीभगत से योजना राशि के गबन का आरोप, एफआईआर दर्ज करने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- ■ श्रम निरीक्षक, एजेंट सहित कई के विरुध्द धोखाधड़ी कर राशि गबन करने के तहत हुई शिकायत
- ■ ऐसे ही मामले में 11 दिन पूर्व 3 अगस्त को 3 पीड़ित आदिवासी महिलाओं ने भी एफआईआर. की मांग की है
- ■ बैंक ऑफ बड़ौदा भाटापारा के विरुध्द भी फर्जी खाता खोलने का लगा आरोप

**बलौदाबाजार, 16 अगस्त।** जिला श्रम विभाग बलौदाबाजार के ऊपर लगातार एजेंटो से मिलकर योजना राशि को धोखे से गबन सहित कई प्रकार से भ्रष्टाचार किये जाने के आरोप लग रहे है। 11 दिन पूर्व 3 अगस्त को मुख्यालय के समीप ग्राम कोलियारी की तीन पीड़ित आदिवासी महिला तीजन बाई ध्रुव, रम्हीन ध्रुव, टिकेश्वरी ध्रुव ने भी योजना राशि गबन मामले में इन्ही श्रम निरीक्षक, एजेंट आदि के विरुद्ध पुलिस में अपराध पंजीबध्द कर कार्यवाही की मांग की है जिस पर बयान लेकर पुलिस ने तत्परता से जॉच कार्यवाही शुरू कर दी है जिसमें कई प्रकार के तथ्य सामने भी आ चुके है जल्द ही अपराधियों पर कार्यवाही होने की उम्मीद है।

आज पुनः 5 पीड़ितों सुशीला ध्रुव, विद्या यादव, सेवक ठाकुर ग्राम करमदा, लोमश ध्रुव ग्राम बुड़गहन एवं पंचराम ग्राम धवई निवासी ने भी उसी श्रम निरीक्षक, एजेंट मीना वर्मा ग्राम रवान, श्रम विभाग के कम्प्यूटर ऑपरेटर भूपेंद्र सिंह कंवर सहित रूखमणी वर्मा ग्राम करमदा, भगवती ध्रुव करमदा, शकुन ध्रुव ग्राम बुड़गहन आदि के विरुध्द कूटरचना रच कर, सांठ-गांठ कर, धोखे से योजना राशि को बैंक से निकालकर गबन किये जाने के संबंध में पुलिस थाने में एफआई.आर. कराकर कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर, एसपी सहित उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र, शपथ-पत्र सहित सौपा है। जिसमें प्रार्थीगणों ने अवगत कराया कि उनके स्व. पति/पिता/माता/पुत्र के नाम से श्रम विभाग में छत्तीसगढ़ भवन सन्निर्माण योजना के तहत पंजीयन था जिसके अंतर्गत मृत्यु होने पर मृतक की नॉमिनी को 1 लाख रूपये की अनुदान राशि मिलती है। उनकी मृत्यु होने पर योजना का लाभ लेने पीड़ित सभी अपने-अपने हिसाब से संयुक्त कलेक्टर कार्यालय बलौदाबाजार के जिला श्रम विभाग कार्यालय पहुंचे थे जहां उनकी मुलाकात उस दौरान पदस्थ श्रम निरीक्षक से हुई। उक्त श्रम निरीक्षक ने पीड़ित महिलाओं को ग्राम रवान निवासी मीना वर्मा से परिचय कराया कि यह श्रम कार्यालय में एजेंट के रूप में कार्य करती है और मीना वर्मा ही आपको योजना का लाभ दिला सकती है। श्रम निरीक्षक ने सारे दस्तावेज मीना वर्मा के पास जमा करने को कहा और जैसा मीना वर्मा कहेगी वैसे ही करने को बोले।

पीड़ितों ने शिकायत पत्र में यह भी बताया कि श्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में हमने सारे दस्तावेज मीना वर्मा को दे दिये। कुछ दिनों बाद मीना वर्मा, श्रम विभाग के कम्प्यूटर ऑपरेटर भूपेंद्र सिंह



कंवर, । खमणी वर्मा ग्राम करमदा, भगवती ध्रुव ग्राम करमदा, शकुन ध्रुव ग्राम बुड़गहन आदि प्रार्थीगणों के घर आकर ऑनलाईन आवेदन के नाम पर अपने साथ लाये समस्त दस्तावेजों में हस्ताक्षर कराया और अपने साथ लाये लैपटॉप कंप्यूटर मशीन में अंगूठे का निशान भी लिया था। प्रार्थीगण जब भी श्रम विभाग के श्रम निरीक्षक एवं एजेंट मीना वर्मा से सम्पर्क कर अनुदान राशि की स्वीकृति के बारे में पूछते थे तो उक्त दोनों ही व्यक्ति कोई ना कोई बहाना बना कर उन्हें वापस भेज देते थे। वही 2 प्रार्थी लोमश ध्रुव व सेवक ठाकुर ने बताया की लगभग 1 वर्ष पूर्व एजेंट मीना वर्मा और उनके साथीगणों ने उन्हें क्रमशः 20-20 हजार रूपये नगद राशि पहली किश्त स्वरूप दी थी और शेष राशि अगली किश्त आते देंगे बोलकर चले गये थे, उसके बाद से शेष राशि क्रमशः 80-80 हजार आज तक नहीं आई बताकर नहीं दिये। हाल ही में जब बड़ी मुश्किल मदद के बाद सभी पीड़ितों को ऑनलाईन के माध्यम से पता चला कि उनकी राशि लगभग डेढ़ से 2 वर्ष पहले ही सभी की राशि स्वीकृत होकर बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा भाटापारा के खाते में चली गई है जबकि पीड़ितों का कहना है कि हमने कभी भी उक्त बैंक में खाता खुलवाने नहीं गये और ना ही कभी एटीएम आदि प्राप्त करने गये। पीड़ितों के शिकायत पत्र अनुसार वे खुद परेशान है कि बिना उनकी सहमति/उपस्थिति से आखिर बैंक में खाता खुला कैसे? इस प्रकार की प्रतिक्रियां से अब प्रार्थीगणों को यकीन हो गया है कि श्रम निरीक्षक, एजेंट मीना वर्मा बैंक के अधिकारी/कर्मचारी आदि ने कूटरचना रचकर उनकी राशि गबन की है। जिस पर पीड़ित सभी प्रार्थीगणों ने स्थानीय पुलिस थाने में अपराध पंजीबध्द कर दंडात्मक कार्यवाही सहित योजना की उक्त गबन राशि लौटने की भी मांग शपथ पत्र सहित शिकायत पत्र में लिखित में की है। उक्त संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी आजाद सिंह पात्रे का कहना है कि वें उक्त राशि स्वीकृति के बाद यहां पदस्थ हुए है उनके पूर्व जिला श्रम पदाधिकारी तेजेश चंद्राकर व श्रम निरीक्षक मनोज मंडलेश्वर पदस्थ थे। फिलहाल उनके द्वारा अभी शिकायत पत्र अनुसार जॉच कर कार्यवाही करने की बात कही जा रही है। वर्तमान श्रम निरीक्षक राकेश वर्मा का कहना है कि मैं बाद में आया हूं उस दौरान मंडलेश्वर अथवा यादव श्रम निरीक्षक थे। वही उक्त संबंध में पूर्व श्रम पदाधिकारी तेजेश चंद्राकर एवं पूर्व श्रम निरीक्षक मनोज मंडलेश्वर से समाचार लिखे जाने तक मोबाईल के माध्यम से सम्पर्क किये जाने की कोशिश की गई किन्तु उनका मोबाईल नेटवर्क कवरेज से बाहर बता रहा था।

## मुख्यमंत्री बघेल ने किया व्याख्याता का सम्मान

**बालोद, 16 अगस्त।** मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों आशा पिस्दा को भौतिकी शास्त्र व्याख्याता पद की नियुक्ति आदेश पत्र प्रदान कर सम्मनित किया गया। उन्होंने गांव सहित जिले का मान बढ़ाया। आशा पिस्दा पिता सकरू राम पिस्दा, माता रोहिणी पिस्दा निवासी ग्राम परसोदा किसान की बेटी आशा पिस्दा जो कि बचपन से ही होनहार छात्रा रही है जिनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही शासकीय प्राथमिक शाला में हुई तथा हाई स्कूल हायर सेकेंडरी जगन्नाथपुर साकरा एवं बीएससी स्नातक घनश्याम दास गुप्त महाविद्यालय बालोद आगे की पढ़ाई एमएससी की पढ़ाई पंडित रविशंकर शुक्ला रायपुर से एवं बीएड की पढ़ाई खालसा कॉलेज



दुर्ग से 2022- 23 में कालेज में प्रथम स्थान पर रही आशा का चयन भौतिकी शास्त्र विषय में व्याख्याता के पद पर नियुक्ति हुई है जो कि कोण्डागांव जिला के शासकीय हाई सेकेंडरी विद्यालय मांझी आठगांव में नियुक्ति हुई है इस उपलब्धि पर पिस्दा परिवार परसोदा, तीजन आर्य दूरदर्शी आर्य, ज्योति ठाकुर, कैलाश ठाकुर, वंदना पिस्दा, वीणा मंडावी, योगेंद्र मंडावी सहित समस्त ग्रामवासी की ओर से उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।


**कार्यालय नगर पंचायत कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
पता-पुराना बाजार चौक-कुरूद, Email-kurudnp@gmail.com

क्रमांक/3186/लो.नि.वि./नि.आ.सू./2023-24 कुरूद, दिनांक 14/08/2023

**-:ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना:-**

नगर पंचायत कुरूद क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 15 & 1, लोकल नाले का पिचिंग मरम्मत एवं सी.सी. ब्लॉक कार्य RD 900M से RD2330M तक कार्य लागत राशि 48.32 लाख रू. (45.32 लाख एस.ओ.आर.+3.00 लाख नॉन एस.ओ.आर.) टेण्डर सिस्टम नंबर **144413** हेतु छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार/फर्म हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें आनलाईन Bid Due Date 05.09.2023 सायं 5.30 बजे तथा सीलबंद लिफाफे में भौतिक दस्तावेज सबमिट करने की अंतिम तिथि 06.09.2023 सायं. 3.00 बजे तक है। उपरोक्त निविदा की नियम एवं शर्तें, अमानत राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क, समयावधि एवं निविदा संबंधित दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in एवं ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in/ से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत कुरूद**
**जिला-धमतरी (छ.ग.)**


## धूमधाम से मनाई गई आजादी की 76वीं वर्षगांठ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 16 अगस्त।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्वमाध्यमिक विद्यालय पंडरदल्ली राजहरा में आज़ादी का अमृत महोत्सव स्वतंत्रता दिवस की 76वी वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सबसे पहले पूर्व माधमिक विद्यालय पंडरदल्ली के प्रधान पाठिका श्रीमती शीला खांडेकर के द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया एवं उपस्थित छात्र छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा राष्ट्रगान गाया। इसके बाद देशभक्ति के जयकारे लगाए गए।इसके पश्चात प्रभात फेरी निकाला गया।तत्पश्चात स्कूल परिसर में माँ सरस्वती के छायाचित्र का पूजन वंदन कर सरस्वती वंदना गाया गया। फिर



कार्यक्रम में उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया गया।देश को आज़ादी दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महापुरुषों एवं शहीदों को याद किया गया।भारत देश के आजादी के लड़ाई के इतिहास एवं महत्व के बारे में बताया गया। छात्र छात्राओं के द्वारा देश भक्ति से प्रेरित गीत, कविता, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी।कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले सभी छात्र छात्राओं को इनाम दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे शीला खांडेकर के द्वारा आभार व्यक्त कर समापन की घोषणा कर प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रधान पाठिका शीला खांडेकर, शिक्षिका राजेशवरी सोनगेर, साधना मानकर, अभिलाषा भगत, रेखाराज साहू, तुमेन्द्र कुमार साहू, धनसिंग यादव, वार्ड पार्षद ममता नेताम, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चन्द्रिका निर्मलकर, जीवन साहू, दिनेश कुमार, चित्ररेखा यादव, द्रोपती, बबीता, सावित्री, निर्मला, उमा, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।


**कार्यालय, कलेक्टर (जिला निर्माण समिति), जिला उत्तर बस्तर-कांकेर**

**-:अल्प कालिन निविदा:-**

एन.आई.टी. क्रमांक/59 से 70/जि.नि.स./निविदा/2023-24 कांकेर, दिनांक 02/08/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए प्रथम बार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से) - 25/08/2023 (सायं 5:00 बजे तक)
2. आवेदन परीक्षण पश्चात मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि - 28/08/2023 (सायं 5:00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि - 29/08/2023 (प्रातः 11:00 बजे से)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 05/09/2023 (सायं 05:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि - 06/09/2023 (दोपहर 12:30 बजे से)

इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं।

| क्र. | NIT No. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 59 | ताड़ोकी, वि.खं.-अंतागढ़ के प्राथ.स्वा.केन्द्र में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 8.42 | 7000/- |
| 2 | 60 | ग्राम-कोण्डे, वि.खं.-दुर्गूकोंदल के प्राथ.स्वा.केन्द्र में अति-रिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 8.42 | 7000/- |
| 3 | 61 | ग्राम-कर्रेगांव, वि.खं.-अंतागढ़ के उप स्वा.केन्द्र में अतिरिक्त कक्ष निर्माण। | 8.42 | 7000/- |
| 4 | 62 | ग्राम-पोण्ड़गांव, वि.खं.-अंतागढ़ के उप स्वा.केन्द्र में अतिरिक्त कक्ष निर्माण | 8.42 | 7000/- |
| 5 | 63 | तहसील कार्यालय कांकेर हेतु पेयजल व्यवस्था एवं शौचालय (महिला/पुरूष) तथा शेड निर्माण कार्य। | 14.75 | 11500/- |
| 6 | 64 | तहसील कार्यालय चारामा हेतु पेयजल व्यवस्था एवं शौचालय (महिला/पुरूष) तथा शेड निर्माण कार्य। | 14.75 | 11500/- |
| 7 | 65 | तहसील कार्यालय नरहरपुर हेतु पेयजल व्यवस्था एवं शौचालय (महिला/पुरूष) तथा शेड निर्माण कार्य। | 14.75 | 11500/- |
| 8 | 66 | तहसील कार्यालय भानुप्रतापपुर हेतु पेयजल व्यवस्था एवं शौचालय (महिला/पुरूष) तथा शेड निर्माण कार्य। | 14.75 | 11500/- |
| 9 | 67 | तहसील कार्यालय दुर्गूकोंदल हेतु पेयजल व्यवस्था एवं शौचालय (महिला/पुरूष) तथा शेड निर्माण कार्य। | 14.75 | 11500/- |
| 10 | 68 | तहसील कार्यालय अंतागढ़ हेतु पेयजल व्यवस्था एवं शौचालय (महिला/पुरूष) तथा शेड निर्माण कार्य। | 14.75 | 11500/- |
| 11 | 69 | तहसील कार्यालय कोयलीबेड़ा हेतु पेयजल व्यवस्था एवं शौचालय (महिला/पुरूष) तथा शेड निर्माण कार्य। | 14.75 | 11500/- |
| 12 | 70 | अनुविभाग-अंतागढ़ के अंतर्गत गोंड़ समाज हेतु मोल्डेड स्टील शेड निर्माण कार्य। | 14.99 | 11500/- |

**कलेक्टर**
**जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

जी-04249/5

## मुख्यमंत्री ने पारसी नववर्ष की दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 16 अगस्त ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पारसी नववर्ष ''नवरोज'' के अवसर पर प्रदेशवासियों विशेषकर पारसी समुदाय के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। नवरोज की पूर्व संध्या पर जारी अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि पारसी समुदाय के लोगों के लिए नवरोज का पर्व आस्था और श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है। यह मूल रूप से प्रकृति प्रेम का उत्सव है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि नवरोज सभी लोगों के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि लाए।

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत बैहा टोला (खैरागढ़)
राधेलाल ऊके
सरपंच
राजकुमार वर्मा
उपसरपंच
कु. ललिता यादव
सचिव
पंच गणः हीरेंद्र नेताम, घनेश्वरी निषाद, प्रमिला वर्मा, रैमुन नेताम, इंद्र कुमार वर्मा, सूरज बाई निषाद, सुशील बंजारे, चित्ररेखा वर्मा, चंद्रिका वर्मा एवं समस्त ग्रामवासी।

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सुरेश सिन्हा
ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण डोंगरगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत- बेलगाँव

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
अमर रहे


छबिल राम साहू
सरपंच
धीरेंद्र धरमगुडे
सचिव
श्रीमती रूपाबाई कंवर उप सरपंच, सौहाद्रा साहू पंच, दुर्गेश्वर कंवर, कलसिया बागसवार, ईश्वरदास कुर्रे, उषा बाई गोस्वामी, दीप संध्या गेडाम, शैलेश अग्रवाल, योगेश कुमार साहू, रश्मि योगी, शशि बाई कंवर, परस साहू, शितला साहू, अनिता बाई कंवर, फूलचंद कंवर, नीराबाई सिन्हा, ललिता साहू, देवकुंवर साहू, ओमकार सिन्हा, ओमबाई पटेल।
सहित समस्त ग्रामवासियों की तरफ से क्षेत्रवासियों को 75वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं।

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
अमर रहे
राजू टांडिया
भाजपा अजा मोर्चा
प्रदेश

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस अमर रहे
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सौजन्य
वन परिक्षेत्र अधिकारी
भानपुरी (जगदलपुर)-छत्तीसगढ़

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस अमर रहे
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सौजन्य
वन परिक्षेत्र अधिकारी
बकावंड (जगदलपुर)-छत्तीसगढ़

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23